आज का मौसम
36.0⁰ अधिकतम तापमान
28.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.29
सूर्यास्त 07.07

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया 10:42 तक उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

रविवार, 27 जुलाई 2025, वर्ष 6, अंक 247, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




किसानों को यूरिया और डीएपी के साथ नहीं बेच सकेंगे कीटनाशक- 12



संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित होने से सरकार से अधिक विपक्ष को नुकसान : रीजीजू - 12



थाईलैंड और कंबोडिया में संघर्ष से डेढ़ लाख से ज्यादा लोग विस्थापित - 13



कुलदीप को शामिल करने के लिए शीर्ष छह बल्लेबाजों से और अधिक निरंतरता की जरूरत- 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हरितालिका तीज : परंपरा और युवा दृष्टिकोण व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# पाकिस्तान ने 22 मिनट में ही टेक दिए थे घुटने : योगी

## कारगिल विजय दिवस पर सीएम ने पाकिस्तान को ललकारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारगिल शहीद दिवस पर पाकिस्तान को जमकर ललकारा। कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में भारतीय सेना को पाकिस्तान को सबक सिखाने में 22 मिनट भी नहीं लगे। सेना ने पाकिस्तान के आतंकी कैंपों को तहस-नहस कर दिया। इस पराक्रम को देखकर पाकिस्तान जान बचाने के लिए अमेरिका की शरण में पहुंचा। उन्होंने कहा कि भारत एक मोर्चे पर कई देशों से लड़ रहा था। इसके बावजूद भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान की एक नहीं चली। अंत में उसे समर्पण के लिए मजबूर होना पड़ा।

कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में शनिवार को आयोजित कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत के महान वीर सपूतों को याद करने का दिन है। कारगिल एक चुनौतीपूर्ण जगह थी जहां का तापमान माइनस 50 डिग्री में होता है। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने पलायन नहीं किया, उसी का नतीजा है कि हमने कारगिल पर विजय प्राप्त की। कहा कि जो पलायन करते हैं, जो समाज में विद्वेष फैलाते हैं उन्हें सफलता नहीं मिलती। मुख्यमंत्री और मेयर सुषमा खर्कवाल ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। शहीद कैप्टन मनोज पांडेय, लांस नायक केवलानंद द्विवेदी, रायफल मैन सुनील जंग और मेजर रितेश शर्मा के परिजन मौजूद रहे।

- जान बचाने के लिए अमेरिका की शरण में पहुंचा था पाकिस्तान



### अग्निवीरों को पुलिस बल में 20% आरक्षण

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि युद्ध या सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद होने पर परिवार को आज 50 लाख रुपये की सहायता और एक सदस्य को नौकरी दी जा रही है। सरकार ने तय किया है कि अग्निवीर के रूप में जो जवान देश की सेनाओ में योगदान दे रहे हैं, उन्हे प्रदेश पुलिस बल में 20 प्रतिशत आरक्षण देंगे।

### अमेरिका के दबाव में नहीं आए थे अटल

योगी ने कहा कि आज के ही दिन कारगिल विजय की घोषणा प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी। उस समय पाकिस्तान के राष्ट्रपति अमेरिका गए, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी ने दबाव नहीं झेला। उन्होंने कहा कि अमेरिका हो या दुनिया की कोई भी ताकत भारत किसी के सामने नहीं झुकेगा और अंत में पाकिस्तान को आत्मसमर्पण करना पड़ा और घुसपैठियों को भागना पड़ा।

शहीदों को नमन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते सीडीएस जनरल अनिल चौहान, उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह। ● एजेंसी



"करगिल विजय दिवस पर मैं मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। यह दिवस हमारे जवानों की असाधारण वीरता, साहस एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। **-द्रौपदी मुर्मु**, राष्ट्रपति



"देशवासियों को करगिल विजय दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। यह अवसर हमें मां भारती के उन वीर सपूतों के अप्रतिम साहस और शौर्य का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



"करगिल विजय दिवस पर, मैं उन वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने सबसे कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। करगिल युद्ध के दौरान उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की याद दिलाता है। **-राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री



"करगिल विजय दिवस न केवल अतीत को याद करने के बारे में है, बल्कि भविष्य के संबंध में प्रेरणा लेने के लिए भी है। करगिल की विरासत हमें याद दिलाती है कि हमारी एकजुटता, तैयारी और अटूट साहस दुश्मन के धोखे और आक्रामकता पर हमेशा विजय प्राप्त करेगा। **-जनरल अनिल चौहान**, सीडीएस

## ब्रीफ न्यूज

### यूपी के बुजुर्ग से ठगी में दो भाई गिरफ्तार

**ठाणे।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक वरिष्ठ नागरिक से 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए 95 लाख रुपये की ठगी के आरोप में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा रोड से दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। मीरा-भायंदर-वसई-विरार (अपराध) के सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल ने बताया कि मोहम्मद इकबाल बालासाहेब (47) और शाइन इकबाल बालासाहेब (41) को आठ अप्रैल को वहां दर्ज मामले में आगे की कार्रवाई के लिए लखनऊ अपराध शाखा को सौंप दिया गया है। दोनों भाइयों ने पीड़ित (74) को धमकाया, उन्हें 'डिजिटल-अरेस्ट' में रखा और 95 लाख रुपये वसूल लिए। एक गुप्त सूचना पर लखनऊ साइबर अपराध पुलिस थाने की टीम के साथ 24 जुलाई को मीरा रोड से दोनों भाइयों को पकड़ लिया।

### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि भाकपा (माओवादी) से अलग हुए समूह झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सदस्य घाघरा थाना क्षेत्र के लावादाग में एकत्र हुए हैं। इस गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड जगुआर और गुमला पुलिस ने संयुक्त रूप से एक अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। गोलीबारी बंद होने के बाद एक एके-47 और दो इंसास राइफल बरामद की गईं। गुमला के एसपी हारिस बिन जमान ने कहा कि मृतकों में एक की पहचान घाघरा के बेलागड़ा निवासी दिलीप लोहरा के रूप में हुई है। अन्य दो मृतकों की पहचान की कवायद जारी है।

अंदर देखें ... ग्लैम वर्ल्ड




# मालदीव से साझेदारी करेंगे गहरी : मोदी


## उपराष्ट्रपति मो. लतीफ के साथ की प्रमुख मुद्दों पर बातचीत

- प्रधानमंत्री ने दी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं

माले, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के उपराष्ट्रपति उज हुसैन मोहम्मद लतीफ सहित देश के प्रमुख नेताओं से मुलाकात के दौरान शनिवार को कहा कि भारत मालदीव के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक है। मोदी ने लतीफ के साथ भारत-मालदीव संबंधों के प्रमुख स्तंभों पर चर्चा की। मोदी ने 'एक्स' लिखा कि हमारे देश बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। यह हमारे देशों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आगामी वर्षों में इस साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री ने मालदीव के स्वतंत्रता दिवस की 60वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। उपराष्ट्रपति लतीफ ने जरूरत के समय मालदीव को भारत की निरंतर सहायता के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। लतीफ ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत के साथ हमारा मज़बूत सहयोग बढ़ने के साथ और मजबूत होता रहेगा। मोदी ने पीपुल्स मजलिस (मालदीव की संसद) के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हमने हमारी संसदों के बीच घनिष्ठ संबंधों समेत भारत-मालदीव की गहरी मित्रता पर चर्चा की।



मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू। ● एजेंसी

### क्षमता निर्माण को सहयोग जारी रखेगा भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत क्षमता निर्माण और विकास में मालदीव को सहयोग देना जारी रखेगा। मोदी ने मालदीव के विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों के साथ भी एक सार्थक बैठक की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की भागीदारी मजबूत और समय पर खरी उतरी भारत-मालदीव मित्रता के प्रति द्विदलीय समर्थन को रेखांकित करती है।

## पुराने पेट्रोल-डीजल वाहनों पर लगे प्रतिबंध को चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध में ढील देने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगी। सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के मद्देनजर अपनाए गए कड़े उपायों और बड़ी संख्या में लोगों होने वाली परेशानियों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत से 2018 के प्रतिबंध से संबंधित अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है।

याचिका में कहा गया है कि प्रतिबंध से प्रदूषण मानकों का पालन करने वाले वाहनों के मालिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

# अब स्कूलों में सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य

- केंद्र सरकार का राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी कर स्कूलों में बच्चों से जुड़ी संरचनाओं तथा सुरक्षा तंत्र का ऑडिट करना अनिवार्य कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने स्कूलों से इमारतों की संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने को भी कहा है। यह कदम राजस्थान के झालावाड़ जिले में शुक्रवार को एक सरकारी स्कूल की इमारत का एक हिस्सा गिरने के एक दिन बाद उठाया गया है।

राजस्थान में स्कूल में हुए हादसे में सात बच्चों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए थे। मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छात्रों की सुरक्षा और उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा संहिताओं के अनुरूप स्कूलों और बच्चों से संबंधित संरचनाओं का अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट, आपातकालीन तैयारियों के लिए कर्मचारियों और छात्रों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि संरचनात्मक समग्रता, अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन निकास और बिजली के तारों का गहन मूल्यांकन किया जाना चाहिए। मंत्रालय ने सिफारिश की कि स्थानीय प्राधिकारियों के साथ सहयोग को मजबूत किया जाना चाहिए ताकि समय-समय पर प्रशिक्षण सत्र और मॉक ड्रिल आयोजित की जा सकें।

### नुकसान पहुंचने की सूचना 24 घंटे में कराएं उपलब्ध

अधिकारी ने कहा कि किसी भी खतरनाक स्थिति, बाल-बाल बचने या बच्चों अथवा युवाओं को नुकसान पहुंचाने वाली किसी घटना की सूचना 24 घंटे के भीतर संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के प्राधिकरण को दी जानी चाहिए। देरी, लापरवाही या कार्रवाई में विफलता के मामलों में सख्त जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। माता-पिता, अभिभावकों, सामुदायिक नेताओं और स्थानीय निकायों को सतर्क रहने तथा स्कूलों, सार्वजनिक क्षेत्रों या बच्चों और युवाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले परिवहन के साधनों में असुरक्षित स्थितियों की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार जब्त

**इंफाल।** मणिपुर के पांच जिलों में कई अभियान चलाकर सुरक्षा बलों ने शनिवार को कम से कम 90 आग्नेयास्त्र और 700 से अधिक गोला-बारूद और विस्फोटक जब्त किए। पुलिस ने कहा कि कई जिलों में मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया था।

# लोस के 17 सांसदों को संसद रत्न सम्मान

- सदन में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर किए गए चयनित

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रिया सुले (राकांपा-शरदचंद्र पवार), रवि किशन (भाजपा), निशिकांत दुबे (भाजपा) और अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी) सहित 17 सदस्यों को लोकसभा में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए 'संसद रत्न' सम्मान- 2025 से सम्मानित किया जाएगा।

इन सम्मानों में चार विशेष जूरी पुरस्कार भी शामिल हैं, जो लगातार तीन कार्यकालों में संसदीय लोकतंत्र में उनके निरंतर योगदान को मान्यता प्रदान करते हैं। विशेष पुरस्कार भर्तृहरि महताब (भाजपा, ओडिशा), एनके प्रेमचंद्रन (रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, केरल), सुप्रिया सुले (राकांपा-एसपी), और श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना, महाराष्ट्र) को प्रदान किए जाएंगे। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बनाए रखा है। अन्य सम्मानित किए जाने वाले सांसदों में स्मिता उदय वाघ (भाजपा), नरेश म्हस्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), विद्युत बरण महतो (भाजपा) और दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं। समिति श्रेणी में, भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी स्थायी समिति और डॉ. चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस) की अध्यक्षता वाली कृषि संबंधी स्थायी समिति को उनकी रिपोर्ट की गुणवत्ता और विधायी निगरानी में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# बिहार में अभ्यर्थी से एबुंलेंस में गैंगरेप

- होमगार्ड भर्ती के दौरान टेस्ट में दौड़ते समय हो गई थी बेहोश
- अस्पताल ले जा रहे ड्राइवर-टेक्नीशियन ने की दरिंदगी

गयाजी, एजेंसी

बिहार के गयाजी जिले में एक महिला ने आरोप लगाया है कि सरकारी भर्ती परीक्षा में फिजिकल टेस्ट के दौरान बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस में उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि होमगार्ड भर्ती अभियान में शामिल पीड़िता द्वारा पहचाने गए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद कुमार कौशल ने कहा कि 24 जुलाई को जब महिला बेहोश हो गई, तो उसे एंबुलेंस से गयाजी स्थित अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। होश में आने पर महिला ने आरोप लगाया कि उसके साथ एंबुलेंस के अंदर बलात्कार किया गया। हमने एंबुलेंस के चालक और तकनीशियन को हिरासत में लिया। महिला ने भी उनकी पहचान कर ली। आरोपियों का जवाब संतोषजनक नहीं था। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत उन पर मामला दर्ज किया गया। कौशल ने कहा कि शिकायतकर्ता की मेडिकल जांच पूरी हो गई है, रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

"दोषियों को भले ही पकड़ लिया गया हो, लेकिन प्रशासन ऐसे अपराधों को रोकने में असमर्थ है। मुझे खेद है कि मैं एक ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं जो कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में असमर्थ है। **-चिराग पासवान**, केंद्रीय मंत्री

### विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने 'एक्स' पर हैशटैग 'नीतीश सरकार हटाओ, बेटी बचाओ' के साथ इस घटना का एक समाचार साझा किया। यह भी कहा कि बिहार में राक्षस राज है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके दो उप-मुख्यमंत्रियों पर ऐसी घटनाओं को लेकर आपराधिक चुप्पी साधने का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि गयाजी की घटना कानून-व्यवस्था की बदतर स्थिति को दर्शाती है।

कसा शिकंजा | प्रार्थना सभा की आड़ में निर्धन और अशिक्षित लोगों का किया जा रहा था ब्रेन वाश

# शाहजहांपुर में धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/सिंधौली

**अमृत विचार :** सिंधौली पुलिस ने धर्मांतरण कराने वाले सक्रिय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला और एक युवक स्थानीय है, जबकि तीसरा तमिलनाडु का रहने वाला है। यह गिरोह हर रविवार को कस्बे में प्रार्थना सभा के नाम पर लोगों का ब्रेनवॉश कर उन्हें ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर करता था। इस कार्य में उन्हें लाखों रुपये की फंडिंग देश के अलग-अलग राज्यों से प्राप्त हो रही थी।

सिंधौली थाने में तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। इसमें इनकी ओर से धर्म परिवर्तन का खेल किए जाने की आशंका जताई गई थी। विवेचना में यह खुलासा हुआ कि मुख्य अभियुक्त किरन जोसुआ, निवासी सिंधौली, उसका पति पास्टर जोसुआ मूल निवासी कोयंबटूर (तमिलनाडु) और उनका साथी असनीत कुमार राठौर निवासी राघवपुर, निगोही मिलकर प्रार्थना सभाएं आयोजित करते थे। इनमें सीधे-सादे, निर्धन व अशिक्षित लोगों को मानसिक, शारीरिक रोगों के इलाज, संतान प्राप्ति व आर्थिक मदद का प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जाता था। पूछताछ में पता चला कि गिरोह के पास बाइबल और अन्य ईसाई साहित्य की भरमार थी, जिसका उपयोग कर वे लोगों का माइंडवॉश करते थे।

जोसुआ के बैंक खातों में तमिलनाडु, मुंबई और गाजियाबाद की संस्थाओं से 25,75,642.99 रुपये की विदेशी फंडिंग के प्रमाण मिले हैं। इनमें जीसस रिडिमस मिशनरी तमिलनाडु का नाम प्रमुख है, जिसने पहले ही 4 करोड़ 60 लाख का ओपनिंग बैलेंस दर्ज कराया था। फंड होल्ड कर इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार तीनों अभियुक्त पहले थाना सदर बाजार क्षेत्र के चिनौर कस्बे में रहकर प्रार्थना सभा कर धर्मांतरण करा चुके हैं। जून 2024 से इन्होंने सिंधौली में मकान लेकर यही गतिविधियां शुरू कर दी थीं। आसपास के लोगों और पीड़ितों ने इनके खिलाफ बयान भी दिए हैं।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

- तमिलनाडु और मुंबई की संस्थाओं से 25 लाख से अधिक की फंडिंग के मिले साक्ष्य

"सिंधौली थाना में धर्म परिवर्तन का एक मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने दंपती समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाते थे और प्रलोभन देते थे। जांच में पाया गया कि एक खाता 4.60 करोड़ का खोला गया था। 25 लाख से अधिक की फंडिंग की गई है। यह कहां से की गई है, इसकी विवेचना की जा रही है। इसका शीघ्र राजफाश किया जाएगा। **-राजेश द्विवेदी**, एसपी, शाहजहांपुर

## सिटी ब्रीफ

### खनन की सूचना पर छापा, ट्रॉली पकड़ी

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** गाजीपुर कुंडा में अवैध खनन की सूचना पर नायब तहसीलदार ने छापा मारा। मिट्टी से लदी एक ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी है। बता दें कि अवैध खनन की सूचना मिलने पर शुक्रवार रात नायब तहसीलदार बीसलपुर अवधेश कुमार ने टीम के साथ गाजीपुर कुंडा गांव में छापा मारा। मिट्टी लदी एक ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी, जबकि अन्य वाहन लेकर उनके चालक भाग गए। उन्होंने बताया कि पकड़े गए वाहन को सीज किया गया है। इसकी रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जा रही है।

### आजीविका मिशन : दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**अमरिया, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में दीनदयाल उपाध्याय आजीविका मिशन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार से शुरू हुआ, जिसमें 15 ग्राम संगठनों की 45 पदाधिकारी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। बीडीओ दिनेश सिंह ने शुरुआत कराई। प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने और कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इस मौके पर ट्रेनर ब्लॉक मिशन प्रबन्धक जागेश कुमार, ट्रेनर कुशाग्र अग्निहोत्री, रमनजीत, मंजू सरोज आदि मौजूद रहे।

### जेसीबी से ध्वस्त कराया अतिक्रमण



**न्यूरिया, अमृत विचार :** कस्बे में प्रशासन के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानों के चबूतरे आगे बढ़ाकर किए गए पक्के अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। दोबारा अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति जुल्फिकार अहमद उर्फ गुड्डू, ईओ हरपाल गंगवार, दयासागर, एसओ सुभाष मावी, कस्बा इंचार्ज संजीव चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बिना मान्यता संचालित स्कूलों पर जड़ा ताला

## बिलसंडा ब्लॉक के दो स्कूलों में बच्चों के भविष्य से किया जा रहा था खिलवाड़, खंड शिक्षाधिकारी ने कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शासन के निर्देश पर शुरू किए गए अवैध रूप से संचालित स्कूलों के खिलाफ अभियान ने तेजी पकड़ना शुरू कर दिया है। बिलसंडा के खंड शिक्षाधिकारी ने दो स्कूलों को अवैध पाते हुए ताले जड़ दिए हैं। इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है। शिक्षा विभाग की कार्रवाई से स्कूल संचालकों में खलबली मची रही।

नियम विरुद्ध तरीके से संचालित हो रहे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के शासन स्तर से निर्देश मिलने के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अमित कुमार सिंह ने समस्त खंड शिक्षाधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। इसके बाद से ही खंड शिक्षाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को बिलसंडा के खंड शिक्षाधिकारी शिव शंकर मौर्य ने छापामारी की थी। इस दौरान ग्राम ईटगांव में तीन स्कूलों को अवैध तरीके से संचालित होते पकड़ा था। इन तीनों में ही 100 से अधिक बच्चे पंजीकृत थे।



बिना मान्यता संचालित स्कूल को बंद कराते खंड शिक्षाधिकारी शिवशंकर मौर्य।

- **शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान हुई कार्रवाई मची खलबली**

> बिना मान्यता के संचालित हो रहे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। इसी क्रम में दो स्कूलों को बंद कराया गया है। अवैध रूप से स्कूलों को किसी दशा में चलने नहीं दिया जाएगा। इसे लेकर अभियान चलाया जा रहा है। समस्त बीईओ को जिम्मेदारी दी गई है। **-अमित कुमार सिंह,** बीएसए

एक स्कूल संचालक का कहना था कि केंद्र सरकार से विद्यालय संचालन के लिए अनुमति मिली है। हालांकि मान्यता का आदेश और यू डायस नंबर उनके पास उपलब्ध नहीं था। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का पेन नंबर और अपार नंबर जेनरेट नहीं किया गया था। इसे लेकर भी चेतावनी दी गई थी। इधर, मामले में कार्रवाई करते हुए शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मौर्य ने एमपी पब्लिक स्कूल और फिर स्वामी विवेकानंद स्कूल पहुंचकर कार्रवाई की। दोनों स्कूलों में ताला जड़ दिया गया है। इस कार्रवाई से इलाके के गैर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया।

### सरकारी स्कूल में कराया जाएगा एडमिशन

बंद कराए गए स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ न हो, इसे लेकर भी शिक्षा विभाग की रणनीति तय है। बिना मान्यता के संचालित मिलने पर बंद कराए जा रहे स्कूलों में पंजीकृत बच्चों का नजदीकी सरकारी स्कूल में दाखिला कराया जाएगा। इसे लेकर भी मातहतों को निर्देशित किया गया है।

#### चेतावनी के बाद भी नहीं सुधरे थे स्कूल संचालक

बता दें कि इन दोनों स्कूलों को बीते दिनों बिना मान्यता संचालित होते पकड़े जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस भेज कर चेतावनी दी थी कि विद्यालय बंद कर दिए जाएं। स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को निकट के परिषदीय स्कूलों में दाखिला करा दिया जाए, ताकि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ न हो। खंड शिक्षा अधिकारी की चेतावनी का असर कुछ स्कूलों में तो हुआ, मगर ईटगांव के एमपी पब्लिक स्कूल और स्वामी विवेकानंद स्कूल ने चेतावनी को हल्के में लिया। शनिवार को सूचना मिली कि दोनों गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय फिर से खुले हैं। इस पर टीम के साथ छापा मारा और दोनों स्कूलों में अपना ताला जड़ दिया है। दोनों स्कूल संचालकों को चेतावनी दी है कि अगर भविष्य में स्कूल संचालित होता पाया गया तो वैधानिक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हमारे अधिकारों-कर्तव्यों की याद दिलाता है संविधान



पूर्व विधान परिषद सदस्य शशांक यादव को स्मृति चिह्न देते सपा पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **सपा ने मनाया संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस**

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की ओर से नकटादाना चौराहा के पास स्थित पूर्व लोकसभा कार्यालय पर संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य शशांक यादव रहे। अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की।

मुख्य अतिथि ने कहा कि संविधान हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। हमें इसके प्रति सजग रहना होगा और इसकी रक्षा करनी होगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। संविधान हमें समानता और न्याय का अधिकार देता है। जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा कि संविधान हमें युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर देता है। हमारे अधिकारों की रक्षा करने का अवसर देता है। हमें इसके प्रति सजग रहना होगा। दूसरे दलों को छोड़कर आए कार्यकर्ताओं को सपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई। सपा नेताओं ने पूर्व विधान परिषद सदस्य शशांक यादव को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

# कंपार्टमेंट परीक्षा : हाईस्कूल में 13, इंटर में 10 गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **ड्रमंड कॉलेज में बनाया गया परीक्षा केंद्र, अफसर करते रहे भ्रमण**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की ओर से शनिवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में कराई गई, जिसमें 663 में 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान अभ्यार्थियों को चेकिंग के बाद कक्ष में प्रवेश दिया गया। डीएम समेत अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं।

शहर के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा कराई गई। इस बार परीक्षा में हाईस्कूल में 301 और इंटरमीडिएट में 362 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। पहली पाली सुबह आठ से 11.15 बजे तक हुई। परीक्षा को लेकर सुबह से ही परीक्षार्थियों की केंद्र के बाहर भीड़ जमा होना शुरू हो गई। साढ़े 7 बजे परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। चेकिंग और प्रवेश पत्र देखने के बाद उन्हें कक्ष में भेजा गया। ठीक 8 बजे परीक्षा शुरू कराई गई। परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक के अलावा सीसीटीवी से भी मॉनटरिंग की जाती रही। 11:15 बजे पेपर छूटा। हाईस्कूल में 13 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे, जबकि 288 ने परीक्षा दी। दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट की परीक्षा कराई गई। इसमें 352 ने परीक्षा दी, जबकि 10 गैरहाजिर रहे। परीक्षा को लेकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर व्यवस्था चेक की। डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। दोनों ही पालियों में 23 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

# 15 अवैध स्कूलों को भेजे गए बंदी के नोटिस

**पूरनपुर ,अमृत विचार:** पंद्रह अवैध स्कूलों को बंदी के नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें सरस्वती विद्या निकेतन जोगराजपुर, मदर प्लेनेट स्कूल जोगराजपुर, श्री बालाजी हजारीलाल परशुराम विद्या मंदिर सेहरामऊ उत्तरी, आर्यरन इंटरनेशनल स्कूल गढ़ाकलां, जय सतगुरु देव पब्लिक स्कूल जोगराजपुर, राधाकृष्णन पब्लिक स्कूल जैठापुर कलां, सरस्वती शिक्षा निकेतन जोगराजपुर, द लिटिल हार्टस अकेडमी जोगराजपुर, साईं बाबा पब्लिक स्कूल नवदिया धनेश, आदर्श कन्हई पब्लिक स्कूल अमरैया कलां, दुर्गा विद्या मंदिर धर्मापुर, सुशीला देवी मेमोरियल आदि को बंदी का नोटिस भेजा गया है। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि नोटिस देने के बावजूद विद्यालय संचालित पाए गए तो एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। उसके बाद भी बंद न करने पर संचालक से 10 हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लिया जाएगा।

# 14 केंद्रों पर समीक्षा अधिकारी परीक्षा आज, 6072 अभ्यर्थी होंगे शामिल, डीएम ने परखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा आज होगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एक दिन पूर्व डीएम-एसपी ने मातहतों संग परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

बता दें कि समीक्षा अधिकारी परीक्षा रविवार को जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर होगी। परीक्षा सुबह साढ़े 9 बजे से 12.30 बजे तक होगी। इसे सकुशल संपन्न कराने के लिए 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 14 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 14 केंद्र व्यवस्थापक, 14 सह केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। 6072 अभ्यर्थी इसमें शामिल होने हैं। परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सख्त इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक कक्ष के सीसीटीवी, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल आदि की पहले ही जांच कर ली गई है। परीक्षा के दौरान कोई भी कर्मचारी बिना आईडी नहीं जा सको। अगर बिना आईडी मिला तो कार्रवाई तय है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर भी अभ्यर्थी को कोई दिककत न आए, इसके लिए जिम्मेदारी तय की गई है। शनिवार को परीक्षा से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा।



ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल परीक्षा केंद्र पर पहुंचे डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।



बेनहर पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर एमडी परविंदर सिंह सैहमी से संवाद करते एसपी अभिषेक यादव।

- **सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक भी किए नियुक्त**
- **डीएम-एसपी ने एक दिन पूर्व निरीक्षण कर परखे इंतजाम, दिए आवश्यक निर्देश**

डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव ने बेनहर पब्लिक स्कूल, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, सेंट अलॉयसियस, एसआरएम इंटर कॉलेज, बीसलपुर आदि परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर विद्युत व्यवस्था, पेयजल, पंखा, शौचालय, सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। निर्देश दिए कि परीक्षा बेहतर ढंग से कराई जा सके। उन्होंने कहा कि समस्त व्यवस्था सुचारू रूप से रहनी चाहिए। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट की दुकानें भी बंद रहेंगी। चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थी को प्रवेश दिया जाएगा। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्लानिंग की गई है।

# जर्जर भवन में लाल रंग से लिखें प्रवेश वर्जित की चेतावनी



बैठक को संबोधित करते खंड शिक्षाधिकारी बिलसंडा शिवशंकर मौर्य।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बिलसंडा के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हुई बैठक**

**अमृत विचार:** बिलसंडा के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर प्रधानाध्यापक ,इंचार्ज प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें खंड शिक्षाधिकारी शिव शंकर मौर्य ने छात्र नामांकन, उपस्थिति की समीक्षा की। माह अगस्त में छात्र नामांकन और उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया।

बीईओ ने कहा कि अगर उनके विद्यालय के आसपास कोई अमान्य विद्यालय संचालित हो तो तत्काल कार्यालय को सूचित करें। पेयरिंग वाले सभी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए गए कि विद्यालयों में अध्यापकों की उपस्थिति और अधिक से अधिक बच्चों की उपस्थिति बेहतर करें। जर्जर स्कूल भवनों में स्कूली बच्चों को न बैठाएं। लाल रंग से जर्जर भवन में प्रवेश वर्जित की चेतावनी लिखी जाए। खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि 31 जुलाई को बीआरसी बिलसंडा में दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप लगेगा।

# गोशाला परिसर का समतलीकरण कराएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने शनिवार को बीसलपुर पहुंचकर एमआरएफ सेंटर, अस्थायी गोशाला के हालात परखे। इस दौरान निर्माणाधीन जिरौनिया गोशाला और प्राथमिक विद्यालय पतरसिया का भी औचक निरीक्षण किया गया। खामियां मिलने पर नाराजगी जताई और सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने नगर पालिका बीसलपुर मैटरियल रिकवरी फैसिलिटी एमआरएफ की व्यवस्थाओं को देखा। कूड़ा पृथक करण के पश्चात अलग-अलग किए गए मैटरियल, अपशिष्ट से अलग-अलग किए गए गत्ता, कागज के बंडल बनाने वाली मशीन की भी जानकारी ली। गीले कूड़े से कम्पोस्ट खाद बनाने के सवाल पर बताया गया कि कम्पोस्ट बनाने का कार्य पृथक जगह पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कूड़ा निस्तारण कार्य को और बेहतर ढंग से कराने पर जोर दिया। बीसलपुर नगरपालिका द्वारा संचालित अस्थायी गोशाला में निराश्रित गोवंश के लिए भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था आदि का जायजा लिया। स्थायी रूप से गोशाला के संचालन के लिए चिह्नित भूमि पर निर्माण को शीघ्र टेंडर निकालने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद निर्माणाधीन अस्थायी गोशाला जिरौनिया को देखा और शीघ्र संचालित करने के निर्देश दिए। कुछ कमियां सामने आई। इस पर परिसर का समतलीकरण कराने और क्षमता विस्तार को एक और टिनशेड बनवाने की बात कही। बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पतरसिया गए। बच्चों की संख्या, मध्याहन भोजन के बारे में जानकारी की। बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था शीघ्र कराने के निर्देश दिए। परिसर में पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर बीसलपुर एसडीएम नागेंद्र पांडेय समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान जानकारी करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

- **डीएम ने निरीक्षण के दौरान परखे इंतजाम, दिए निर्देश**

# मेहंदी प्रतियोगिता में रिफत नूर रहीं अव्वल दूसरे स्थान पर अर्चना

**पूरनपुर, अमृत विचार:** गन्ना कृषक महाविद्यालय में शनिवार को हरियाली तीज के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने हाथों पर मनमोहक मेहंदी लगाकर अपने कौशल का प्रदर्शन दिया। मेहंदी प्रतियोगिता में करीब 40 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए की रिफत नूर, द्वितीय स्थान पर बीए पंचम सेमेस्टर की अर्चना, तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से कशिश बी और वंदना कुमारी रहीं। निर्णायक मंडल ने छात्राओं कौशल की प्रशंसा की। इस मौके पर गन्ना कृषक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा, रेखा सिंह, तहमीना शमसी, रंजना सिंह, अर्निका दीक्षित, राजिया शकील, शोभना मिश्रा, आंशिक वर्मा मौजूद रहे।

# सीडीपीओ संग 20 गर्भवती महिलाओं ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** मरौरी ब्लॉक के ग्राम खाग में 20 गर्भवती महिलाओं ने पौधारोपण किया। गर्भवती महिलाओं ने सहजन के पौधे लगाए। सीडीपीओ अनीता चौधरी ने अन्य ग्रामीणों को भी जागरूक किया और पौधरोपण की महत्ता बताई गई। गर्भवती महिलाओं को गर्भ में पल रहे बच्चे की भांति रोपित किए गए पौधे की भी नियमित देखरेख करने की शपथ दिलाई गई।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर शनिवार को ग्राम खाग में आयोजित किए गए कार्यक्रम में सीडीपीओ चौधरी ने पौधरोपण करने वाली गर्भवती महिलाओं को शपथ दिलाई।बताया कि सहजन की पत्तियों को दाल सब्जी में हरी धनिया की तरह प्रयोग करें। इससे स्वास्थ्य लाभ होगा। सहजन की पत्तियां काफी गुणकारी होती हैं। इन पत्तियों के निरंतर सेवन से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। वजन घटाने में मदद मिलती है और यह पाचन क्रिया को दुरुस्त करती है। इससे रक्त भी शुद्ध होता है। आयुर्वेद में सहजन की पत्तियां के फायदों का बड़ा विस्तार से वर्णन किया गया है। ग्रामीणों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री विद्यावती, पुष्पा देवी आदि भी मौजूद रहीं।



सीडीपीओ संग ग्राम खाग में पौधरोपण करतीं गर्भवती महिलाएं।

- **गर्भ में पल रहे बच्चे की तरह देखभाल करने की दिलाई शपथ**

**चेतावनी**

## व्यापार मंडल सब्जी मंडी को लेकर हुआ मुखर, स्थायी व्यवस्था की मांग

# सब्जी मंडी की व्यवस्था न होने पर व्यापारी करेंगे आंदोलन

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** नगर में सब्जी मंडी की स्थायी व्यवस्था न होने की वजह से हाईवे पर दुकानें लगानी पड़ रही है, वहीं एक निजी प्लाट पर दुकानें लगाने के एवज में दुकानदारों से तहबाजारी के रूप में बड़े पैमाने पर वसूली भी की जा रही है, जिसकी वजह से ग्रामीण अंचल से आने वाले छोटे दुकानदारों ने नगर की बाजार में आना ही बंद कर दिया। उधर व्यापार मंडल की नगर इकाई के पदाधिकारी बुधवार को नगर पंचायत के प्रभारी कार्यालय अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं। इनमें सात दिन के अंदर समस्या का निस्तारण न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। फिलहाल अभी इस पर कोई खास कदम नहीं उठाया जा सका है।

बता दें कि वर्ष 2000 में तत्कालीन चेयरमैन महेश बाबू गुप्ता ने रामलीला मैदान के समीप स्थित रामा ट्रस्ट की जमीन को किराए पर लेकर सब्जी मंडी की व्यवस्था कराई थी, लेकिन उनके बाद जब एक दशक तक जिम्मेदारों ने ट्रस्ट में किराया ही नहीं जमा किया तो प्रशासन ने पांच वर्ष पहले जमीन खाली करा ली। तब से ट्रस्ट की जमीन खाली पड़ी है। हालांकि उसके बाद से सब्जी मंडी भी उजड़ गई। हालांकि बाद में कुछ दुकानदारों ने हाईवे पर दुकानें लगानी शुरू कर दीं ,तो कुछ दुकानदारों ने सब्जी का काम करना ही बंद कर दिया।

उद्योग व्यापार मंडल के नगर चेयरमैन विक्रम नरेश जायसवाल का कहना है कि नगर में मंगलवार और शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगती हैं ,जिसमें दूर दराज गांवों से लोग सब्जी की दुकानें लगाने आते हैं। ऐसे दुकानदारों को वन रेंज कार्यालय के सामने एक निजी प्लांट पर तीन वर्षों से बैठाया जा रहा है। सप्ताह में सिर्फ दो दिन सब्जी की दुकानें लगाने वाले छोटे दुकानदारों से 150 से 200 रुपये प्रति बाजार की दर से तहबाजारी के रूप में वसूल किया जाता है, जिसकी वजह से ग्रामीण अंचल से आने वाले छोटे दुकानदारों ने नगर की बाजार में आना ही बंद कर दिया।



बिलसंडा में सड़क किनारे लगी सब्जी की दुकान। ● अमृत विचार

> बिलसंडा में सब्जी विक्रेताओं को सड़क पर बैठना पड़ रहा है। नगर पंचायत प्रशासन उनकी इस समस्या पर ध्यान ही नहीं दे रहा। व्यापारियों से अवैध वसूली भी की जा रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सात दिन का अल्टीमेटम देते हुए ज्ञापन दिया है। समस्या का निस्तारण न होने पर कमल पार्क पर आंदोलन किया जाएगा। **-विक्रम नरेश जायसवाल,** चेयरमैन, व्यापार मंडल, बिलसंडा





> रामा ट्रस्ट की जगह पर सब्जी मंडी की पुन: व्यवस्था कराए जाने के लिए पत्रावली डीएम कार्यालय भेजी जा चुकी है। वहां से शीघ्र ही अनुमति मिलने की उम्मीद है। अनुमति मिलने के बाद सब्जी मंडी की समस्या से निजात मिल जाएगी। **-डीके गुप्ता,** अध्यक्ष, नगर पंचायत, बिलसंडा

# गर्मी में बेहोश हुई छात्रा, डीएम ने बदला स्कूलों का समय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** स्कूल में गर्मी के बीच अचानक एक छात्रा बेहोश हो गई, जिसके बाद परिसर में हड़कंप मच गया। हालांकि कुछ देर में छात्रा ठीक हो गई। इस प्रकरण के संज्ञान में आने पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने स्कूलों का समय बदलने के लिए डीएम को पत्र लिखा। जिसके बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों का समय परिवर्तन करने का आदेश जारी किया है।

इन दिनों मौसम के उतार चढ़ाव एवं बढ़ते तापमान के बीच बीमारियां भी पनप रही है। गर्मी से हर कोई बेहाल है। ललौरीखेड़ा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सरौरी स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शुक्रवार को एक छात्रा अचानक बेहोश हो गई थी। जिसके बाद स्कूल परिसर में खलबली मच गई थी। हालांकि कुछ देर में वह होश में आ गई थी। इस मामले का संज्ञान लेते हुए अब राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने डीएम को पत्र लिखा, जिसमें सरौरी के प्रकरण का हवाला देते हुए कहा है कि वर्तमान में मौसम का मिजाज हर रोज बदल रहा है। उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी गर्मी का शिकार हो रहे है। ऐसे में स्कूलों का समय बदलने को कहा था। उन्होंने यह भी कहा कि गर्मी के चलते स्कूलों में कोई भी बच्चों की खुले में गतिविधियां आयोजित नहीं कराई जाएं। राज्यमंत्री के पत्र के बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने शनिवार शाम को ही आदेश कर दिए है।जिसके बाद अब गर्मी व उमस को देखते हुए कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों का संचालन सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक किया जाएगा।



सरौरी गांव के स्कूल में बेहोश हुई छात्रा।

- **प्रकरण का संज्ञान लेकर राज्यमंत्री ने डीएम को लिखा था पत्र**

अमृत विचार



## जिले में आज

- मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बिठौराकलां में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ दोपहर 1 बजे।
- गायत्री शक्तिपीठ में साप्ताहिक हवन सुबह 7 बजे।
- समस्त सीएचसी-पीएचसी पर जन आरोग्य मेला सुबह 9 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा जेल

**पूरनपुर, अमृत विचार :** हाईस्कूल की छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोपी सैफी मदार खां को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया कि बीते दिनों मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोप था कि 23 जुलाई को आरोपी ने छात्रा को कॉल कर घर बुलाया और छेड़छाड़ की थी।

### समर्थ पोर्टल पर प्रवेश होगा अपलोड

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उपाधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश ले चुके समस्त छात्र छात्राएं 28 जुलाई को सुबह 10 बजे से अपने प्रवेश प्रभारी से संपर्क करें। इस दौरान फीस जमा की मूल रसीद, इंटरमीडिएट की मूल अंकतालिका, ईमेल आईडी व पासवर्ड, फार्म में अंकित नंबर वाला मोबाइल, समर्थ पोर्टल पर भरे फार्म की आईडी व पासवर्ड, महाविद्यालय की वेबसाइट पर भरे गए फार्म का आईडी व पासवर्ड लेकर आएं, जिससे प्रवेश समर्थ पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।

# दस बाघ-बाघिन चिड़ियाघरों में काट रहे उम्रकैद

## जंगल से बाहर निकलने और अपने उग्र स्वभाव की सजा भुगत रहे तराई के बाघ, एक ही हो चुकी मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिन बाघों की बदौलत पीलीभीत टाइगर रिजर्व ने अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड जीतकर विश्व पटल पर अपनी साख बनाई, आज उन्हीं बाघों को जंगल की हदें लांघने और अपने उग्र स्वभाव के चलते उम्र भर सलाखों के पीछे रहने की सजा काटनी पड़ रही है। टाइगर रिजर्व बनने के बाद रेस्क्यू किए गए 10 बाघ-बाघिन लखनऊ, गोरखपुर और कानपुर के चिड़ियाघरों में कैद हैं।

देश में वर्ष 1973 में बाघ को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने के साथ इनके संरक्षण को लेकर प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत की गई थी। जनपद पीलीभीत के जंगलों को जून 2014 में टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। इसके बाद बाघ संरक्षण परियोजना से बेशक पीलीभीत टाइगर रिजर्व को संजीवनी मिली और बाघ-तेंदुओं के साथ अन्य वन्यजीवों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि भी हुई। देश ही नहीं, बल्कि विश्व पटल तक इसकी ख्याति पहुंच गई। मगर, इनके सबके बीच आधे-अधूरे संसाधनों के दम पर घोषित किए गए टाइगर रिजर्व से बड़ी संख्या में बाघ-तेंदुओं ने भी जंगल से बाहर निकलना शुरू कर दिया।

ऐसे में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं भी तेजी से बढ़ने लगी है। हालांकि सीमित संसाधनों के दम पर टाइगर रिजर्व प्रशासन ने वन्यजीव-इंसानी टकराव रोकने के प्रयास भी किए। चालू वर्ष के शुरुआती चार महीनों तक जनपद में एक भी मानव-वन्यजीव संघर्ष की बड़ी घटना सामने नहीं आई। मगर मई महीना आते-आते यकायक इसमें तेजी आ गई। 14 मई से 3 जून के बीच पूरनपुर तहसील के गांवों में हुए बाघ हमलों में दो महिलाओं समेत चार लोगों को जान गंवानी पड़ी। वहीं न्यूरिया क्षेत्र में जंगल से बाहर घूम रही बाघिन के हमले में बीते 9 जून से 17 जुलाई के बीच तीन इंसानों की मौत हो गई। फिलहाल हमलावर बाघिन को रेस्क्यू कर लिया गया है। अब यह बाघिन भी अपने उग्र व्यवहार के चलते कानपुर चिड़ियाघर में सलाखों के पीछे अपनी शेष बची जिदंगी गुजारेगी। जंगल से बाहर घूम रहे बाघ-तेंदुओं के बारे में वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि यह सभी अलग-अलग परिस्थितियों के चलते जंगल से बाहर निकलते हैं।



केसरी बाघ, जिसकी गोरखपुर प्राणि उद्यान में 3 माह पहले मौत भी चुकी है।

- रेस्क्यू सेंटर तैयार न होने से बाघ-तेंदुओं को को होना पड़ रहा बेघर

### इन चिड़ियाघरों में कैद हैं पीटीआर के बाघ

| | |
|---|---|
| 02 मार्च 2014 | पूरनपुर से पकड़ा गया बाघ कानपुर प्राणि उद्यान में |
| 11 फरवरी 2017 | गांव सुखदासपुर से पकड़ा बाघ लखनऊ प्राणि उद्यान में |
| 11 मई 2019 | गांव खजुरिया पचपेड़ा से पकड़ा बाघ लखनऊ प्राणि उद्यान में |
| 03 अप्रैल 2020 | माला रेंज के बाहर पकड़ा बाघ कानपुर प्राणि उद्यान में |
| 09 जून 2020 | माला रेंज की वन सीमा से बाहर पकड़ा बाघ कानपुर प्राणि उद्यान में |
| 18 दिसंबर 2022 | उदयकरनपुर से पकड़ा बाघ कानपुर प्राणि उद्यान में |
| 26 दिसंबर 2023 | ग्राम अटकोना से पकड़ी गई बाघिन कानपुर प्राणि उद्यान |
| 21 अप्रैल 2024 | ग्राम मल्लपुर खजुरिया से पकड़ा गया बाघ लखनऊ प्राणि उद्यान। |
| 23 सितंबर 2024 | भैरोखुर्द से पकड़ा गया बाघ गोरखपुर प्राणि उद्यान। |
| 24 जुलाई 2025 | डंडिया गांव से पकड़ी गई बाघिन कानपुर प्राणि उद्यान। |

### पीटीआर के 12 बाघों ने दोबारा ली जंगलों में सांस

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के आंकडों के मुताबिक टाइगर रिजर्व बनने के बाद से लेकर अब तक 25 रेस्क्यू ऑपरेशनों को अंजाम दिया गया। इसमें पांच शावकों समेत कुल 22 बाघ-बाघिन पकड़े गए। वहीं छह तेंदुए भी रेस्क्यू किए जा चुके हैं। इसमें शामिल 12 बाघ तो खुशनसीब निकले, जिन्हें दोबारा से जंगल की आबोहवा में सांस लेने का मौका मिल गया, लेकिन रेस्क्यू किए गए 10 बाघ-बाघिन लखनऊ, गोरखपुर और कानपुर चिड़ियाघर में सलाखों के पीछे उम्रकैद भुगत रहे हैं। इसमें छह बाघ कानपुर चिड़ियाघर, चार शावकों समेत सात बाघ लखनऊ और एक बाघ गोरखपुर चिड़ियाघर में भेजे गए। गोरखपुर में कैद पीटीआर के केसरी बाघ की बीमारी के चलते मौत भी हो चुकी है। वहीं दो तेंदुए भी चिड़ियाघरों में कैद हैं। इन बाघ-तेंदुओं का कसूर सिर्फ इतना था कि इन्होंने जंगल की हदें पार कर दी थी। वहीं कुछ अपने उग्र स्वभाव के चलते भी निकले। इधर बीते 24 जुलाई को भी एक बाघिन को गांव डंडिया से रेस्क्यू किया गया है। इस बाघिन को भी कानपुर चिड़ियाघर भेजा गया है।

### रेस्क्यू सेंटर का निर्माण अधूरा

जंगल से रेस्क्यू किए गए बाघों के इलाज और उनके व्यवहार आदि को परखने के लिए शासन ने करीब चार साल पहले रेस्क्यू सेंटर के निर्माण को मंजूरी दी थी। पूरनपुर रेंज के गोपालपुर वन प्रभाग में 14.33 करोड़ की लागत से वर्ष 2022-23 से रेस्क्यू सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। प्रथम चरण के कार्य के लिए 4.72 करोड़ की धनराशि भेजी गई थी। प्रथम चरण में रेस्क्यू पुनर्वास केंद्र, खाद्य भंडार केंद्र, अस्पताल, टॉयलेट ब्लॉक, बाउंड्रीवॉल, सीवरलाइन आदि का कार्य किया गया। दूसरे चरण में आवंटित 4.53 करोड़ से सब स्टेशन, गार्ड रुम, पोस्टमार्टम रूम आदि का निर्माण भी पूरा किया जा चुका है। इधर करीब तीन माह पहले कार्यदायी संस्था को तीसरे चरण के कार्य के लिए 4.83 करोड़ रुपये दिए गए हैं। जिससे कार्य चल रहा है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जनपद में रेस्क्यू सेंटर का निर्माण जल्द हो जाता, तो पीटीआर के बाघ चिड़ियाघरों में नहीं, बल्कि जंगलों में होते।

> रेस्क्यू करने के बाद बाघ का परीक्षण किया जाता है। प्राणि उद्यान में उन्हीं बाघों को भेजा जाता है, जो बाघ लगातार इंसानों पर हमला कर होते हैं या फिर शिकार करने के योग्य नहीं रह जाते। अन्य रेस्क्यू किए गए बाघों को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जंगल में ही छोड़ा जाता है।
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व।






# रेस्क्यू की गई बाघिन कानपुर चिड़ियाघर के लिए रवाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ के नेतृत्व में टीम के साथ भेजी गई बाघिन

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व मुख्यालय के सेफ हाउस में पिछले करीब 42 घंटे से पिंजड़े में कैद बाघिन को लेकर टीम शनिवार दोपहर कानपुर चिड़ियाघर के लिए रवाना हो गई। रेस्क्यू की गई बाघिन को वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ एवं कानपुर चिड़ियाघर के पशु चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में भेजा गया है। बाघिन को बीती 24 जुलाई की शाम को गांव डंडिया से 13 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पकड़ा गया था।

न्यूरिया क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में बाघिन आंतक का पर्याय बनी हुई थी। बीते 9 जून से 17 जुलाई के बीच बाघिन के हमलों में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी। वहीं दो लोग घायल हो गए थे। बीते 24 जुलाई को डंडिया गांव के नजदीक 13 घंटे तक चले ऑपरेशन थर्ड आई के दौरान बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया गया था। उसके बाद बाघिन को पीलीभीत टाइगर रिजर्व मुख्यालय के सेफ हाउस में रखा गया था। पीटीआर के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दक्ष गंगवार और कानपुर चिड़ियाघर के डॉ. मोहम्मद नासिर द्वारा सुबह-शाम बाघिन को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शुक्रवार शाम ही बाघिन को कानपुर चिड़ियाघर भेजने के निर्देश दिए गए थे। शनिवार को शासन स्तर से बाघिन को भेजने का लिखित आदेश प्राप्त हो गया। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे डीएफओ भरत कुमार डीके और कानपुर चिड़ियाघर के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मोहम्मद नासिर के नेतृत्व में टीम बाघिन को लेकर कानपुर के लिए रवाना हो गई।

**कैद में नाममात्र ही खाया मटन:** कैद के दौरान बाघिन को मटन भी परोसा गया, मगर उसने नाममात्र ही मटन खाया। पिंजड़े में कैद होने के दौरान बाघिन अधिकांश समय गुमसुम ही रही।

# ब्लॉक परिसर में अधिकारी की कार की टक्कर से कांवड़िया घायल, हंगामा

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक परिसर में आराम कर रहे कांवड़िया पर ब्लॉक के एक अधिकारी के चालक ने गाड़ी चढ़ा दी। जिसमें कांवड़िया घायल हो गया। हादसे के बाद अन्य कांवड़िया गुस्सा गए और गाड़ी मौके से नहीं हटाने दी। सूचना मिलने पर पहुंचे एसडीएम ने जानकारी की। फिर आनन-फानन में ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। तब जाकर कांवड़िया शांत हो सके।

बदायूं के कछला घाट से जल भरकर गोला गोकर्णनाथ स्थित शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने जा रहे कांवड़िया भोजन के लिए ब्लॉक परिसर में रुके थे। वे मैदान में गद्दे डालकर आराम करने लगे। इसी दौरान ब्लॉक में कार्यरत एक महिला अधिकारी का ड्राइवर कार लेकर परिसर में आया और उसने कांवड़िया कामता प्रसाद पर कार चढ़ा दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। साथी के घायल होने के बाद अन्य कांवड़िये जमा हुए और कार्रवाई की मांग की।

इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम नागेंद्र पांडे, कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ ब्लॉक परिसर पहुंच गए। उन्होंने कांवड़ियों से वार्ता की, लेकिन सभी चालक को पकड़कर सामने लाने की जिद करने लगे। फिर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। इस पर एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने चालक के खिलाफ महंत हरि प्रकाश तिवारी व उनके साथियों के संयुक्त हस्ताक्षरों से दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकी। एफआईआर की कॉपी भी मौके पर सौंपी गई। करीब चार घंटे तक चली बहस के बाद मौके पर बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक कुमार वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अशोक कुमार शर्मा भी आ गए। उन्होंने कांवड़ियों को समझाया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।



कांवड़ियों और अधिकारियों से जानकारी करते विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा।

- विधायक ने पहुंचकर कराया शांत, चालक पर एफआईआर दर्ज

## हाईवे पर मिला अज्ञात युवक का शव

**पूरनपुर, अमृत विचार:** हाईवे पर एक अज्ञात युवक का शव लहूलुहान हालत में मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पीलीभीत मार्ग पर उदयकरनपुर गांव के पास एक युवक घायल अवस्था में पड़ा देखा गया।

उसके सिर काफी खून बह रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की आशंका जताते हुए घायल युवक को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने काफी छानबीन की लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। सड़क हादसे में भारी वाहन के उसको टक्कर मारने की आशंका जताई जा रही है। दरोगा प्रताप सिंह धामा ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# घुंघचिहाई में भी मचा ड्रोन का शोर

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** क्षेत्र में करीब पंद्रह दिन से ग्रामीण अंचलों में रात्रि के वक्त ड्रोन उड़ते देखे जा रहे हैं। पूरनपुर -मैगलगंज मार्ग पर लुकटिहाई गांव के रहने वाले लालाराम पुत्र रामकेशन की किराने की दुकान है। दुकान में शुक्रवार रात चोरी हो गई। नकब लगाकर घटना को अंजाम दिया गया। दूसरी ओर मटेहना, मदारपुर, उदरहा, दिलावरपुर, मोहब्बतपुर, लुकटिहाई में भी ड्रोन का शोर मचा हुआ है। ग्रामीण जगदीश वर्मा, अनुज त्रिवेदी, कौशल, विपिन, देशराज, सौरभ आदि का कहना है कि रात के वक्त कई ड्रोन उड़ रहे हैं। फिलहाल इसे लेकर खलबली मची हुई है।






## दोस्तों से संबंध बनाने का बनाया दबाव

**पूरनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र की एक महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब ढाई साल पहले गांव के ही युवक से हुई थी। आरोप लगाया कि पति के कई युवतियों से संबंध है। विरोध करने पर वह उसके साथ मारपीट करता है। आरोप लगाया कि वह अपने दोस्तों के साथ संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। इसी के चलते 24 जुलाई को पीड़िता को उसका पति कार से ले गया और एक धार्मिक स्थल पर ले जाकर दो दोस्तों से संबंध बनाने का दबाव बनाया। पति के दोस्तों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर पिटाई की गई। इसके बाद मायके छोड़ गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आउटसोर्स कर्मियों की क्रॉस चेकिंग शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नगर पालिका के टैक्स विभाग के अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका में आउटसोर्सिंग के जरिए कार्यरत कर्मचारियों की क्रॉस चेकिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत टैक्स विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे प्रत्येक वार्ड में तैनात कर्मियों का भौतिक सत्यापन करें। यही नहीं, समस्त सफाई नायकों से वार्ड में काम कर रहे कर्मचारियों के फोटो और आधार कार्ड की कॉपी कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि नगरपालिका पीलीभीत में करीब 196 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी कार्यरत हैं। इसके अलावा जलकल और कार्यालय में भी कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। हाल में ही नगरपालिका की ओर से नया टेंडर कर दिया गया है, जो बरेली की एक फर्म को मिला है। टेंडर होने के बाद काम नई फर्म को हैंडओवर कर दिया। इधर, पूर्व में कई बार जिला प्रशासन ने कर्मचारियों के ईपीएफ जमा न होने और वार्ड में फर्जी तरीके से काम कर रहे कर्मचारियों की शिकायतें की गई थी, जिसके बाद से नगरपालिका में खलबली मची हुई है और नए ठेकेदार भी परेशान है। ऐसे में अब नगरपालिका की ओर से वार्ड में काम कर रहे कर्मचारियों की क्रॉस चेकिंग कराना शुरू कर दिया गया है। ठेकेदार भी कर्मचारियों को चेक कर रहे हैं। कर्मचारियों के फोटो और आधार कार्ड की कॉपी भी जमा कराई जा रही है। कुछ वार्डों में किसी और के स्थान पर अन्य कर्मचारी काम करते भी पाए गए हैं। सफाई विभाग की ओर से चेकिंग के अलावा कर्मचारियों का दोनों वक्त में काम करते हुए जीपीएस के साथ फोटो भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। ईओ संजीव कुमार ने बताया कि अगर फर्जीवाड़ा सामने आया तो संबधित सफाई नायक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार छात्रा की मौत

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार छात्रा की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खंडेपुर निवासी ओमवीर की 24 वर्षीय पुत्री दिव्यांशी अपने भाई दीपक के साथ शनिवार दोपहर करीब 3 बजे पीलीभीत रोड पर स्थित बाला देवी रोशन लाल ऑफ हायर एजुकेशन से वापस अपने घर जा रही थी। बीसलपुर पीलीभीत मार्ग पर कासिमपुर मोड़ के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दिव्यांशी की मौत हो गई, जबकि उसका भाई दीपक घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से बीसलपुर सीएचसी भिजवाया गया। छात्रा की मौत की खबर मिलते ही परिवार वाले आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। मृतका एमएससी सेकंड ईयर की छात्रा थी। कॉलेज प्रबंधक डॉक्टर रत्नेश गंगवार समेत अन्य स्टाफ भी मौके पर पहुंचा और परिवार को ढांढस बंधाया। वहीं, एक अन्य हादसे में स्कूल से घर जा रही साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई। नगर के मोहल्ला बख्तावरलाल निवासी कृष्ण पाल की पुत्री दामिनी नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा है। शनिवार दोपहर एक बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद साइकिल से घर जा रही थी। डंपर की टक्कर लगने से घायल हो गई। उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।



हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार



मृतक दिव्यांशी।

- भाई घायल पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# छत पर परिवार, नीचे चोर समेट ले गए सामान

## पुलिस ने मौका मुआयना कर जुटाई जानकारी, एक के बाद एक चोरी की वारदात से ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, पूरनपुर



शनिवार सुबह चोरी की जानकारी पर जमा हुए ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अभी कुछ दिन पहले ही सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने कई सवाल उठाते हुए घटना के संदिग्ध तो बताया, लेकिन अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। इधर, अब पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने दस्तक दे डाली। गर्मी से निजात पाने के लिए परिवार छत पर जागता रहा और नीचे दीवार फांदकर घुसे चोर नकदी जेवरात समेत लाखों का सामान समेट ले गए। पुलिस मौका मुआयना कर जांच कर रही है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर के रहने वाले रंजीत सिंह का घर गांव के पश्चिम में बना हुआ है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात करीब 9 बजे वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गर्मी से निजात पाने के लिए छत पर चले गए। इस दौरान दीवार फांदकर चोर उनके घर में घुसे। कमरे में रखी अलमारी और बेड से पांच सोने की चेन, सोने के चार कंगन, एक सोने का कड़ा, छह अंगूठी, 30 हजार रुपये चोरी कर लिए। करीब 20 मिनट बाद रंजीत सिंह छत से नीचे आए। जालीदार दरवाजा खुला देखकर उन्होंने परिजनों को बुलाया। कमरे का सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए। अलमारी और बेड में रखा सामान गायब था। इससे परिजनों को चोरी की घटना की जानकारी लगी। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने जांच पड़ताल की। दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। गृहस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। गांव गांव चोर घुसने की अफवाहों के बीच चोरी की घटना होने पर शनिवार सुबह काफी संख्या में लोग रंजीत सिंह के घर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। लाखों की चोरी होने के बाद से क्षेत्र में दहशत है।

> घर में चोरी होने की सूचना पर जांच पड़ताल की गई है। संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।
> – सतेंद्र कुमार, कोतवाल, पूरनपुर



चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान।

### भागते समय दीवार के पास गिरी सोने की चेन

रंजीत सिंह के घर की पूर्वी दीवार की ऊंचाई कम है। बताते हैं कि चोर उसी दीवार को फांदकर घर में घुसे। घटना को अंजाम देने के बाद उसी दीवार पर चढ़कर नीचे कूदे। इस दौरान सोने की दो चैन दीवार के पास गिर गई। सोने की तीन चेन और अन्य सामान कर लेकर चोर भाग गए। पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस दौरान पुलिस को दीवार के पास से दो सोने की चैन मिली हैं। पुलिस ने उन्हें परिजनों को सौंप दिया है।

### काम छोड़ चुके नौकर पर शक

रंजीत सिंह के फार्म पर काम कर चुके युवक को पुलिस ने चोरी के मामले में हिरासत में लिया है। रंजीत सिंह ने बताया कि नौकरी छोड़ चुके एक युवक ने अप्रैल महीने में उनके घर में चोरी की थी। उसके रिश्तेदारों के आग्रह पर कार्रवाई नहीं की गई। उसके बाद नौकर काम छोड़कर चला गया। ऐसे में उसी नौकर पर भी शक गहराया। पुलिस ने छोड़ चुके नौकर को हिरासत में ले लिया। नौकर से पूछताछ के दौरान ही पुलिस ने गांव धर्मापुर के एक युवक को भी हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ चल रही है।

### घटना से पहले बंद कर दी स्ट्रीट लाइट

रंजीत सिंह के घर के पास में खंभे पर स्ट्रीट लाइट लगी हुई है। चोरों ने घर में घुसने से पहले स्ट्रीट लाइट बंद कर दी थी, ताकि उन्हें कोई देख न सके। अंधेरा होने पर वह घर में घुस गए। परिजनों को चोरों के घर में घुसने की भनक तक नहीं लग सकी।

# मिनरल वाटर के नाम पर बिक रहा गंदा पानी, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम ने पालिका और एफएसडीए को कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** शुद्धता के नाम पर लोगों को गंदा पानी परोसा जा रहा है। मिनरल वाटर के नाम पर खुलेआम बिक रहे अशुद्ध पानी की शिकायत अधिवक्ता द्वारा किए जाने पर डीएम ने संज्ञान लिया है। डीएम ने नगर पालिका और खाद्य सुरक्षा विभाग (एफएसडीए) को तत्काल सैंपलिंग के निर्देश दिए हैं। साफ-सफाई से लेकर पानी के टीडीएस स्तर की जांच तक की जिम्मेदारी नगर पालिका को सौंपी गई है।

शहर में अवैध रूप से संचालित ह्यूमिनिटी वॉटर बॉटलिंग प्लांट को लेकर अधिवक्ता कीरत प्रसाद द्वारा डीएम से शिकायत की गई है। जिसमें कहा गया कि बड़ी संख्या में ऐसे वाटर प्लांट चल रहे हैं, जो न तो पंजीकृत हैं और न ही गुणवत्ता मानकों की जांच करवाते हैं। ये प्लांट्स बिना फिटनेस और बिना किसी मान्यता के प्लास्टिक के कंटेनरों में विभिन्न नामों से पानी सप्लाई कर रहे हैं। इन प्लांट्स की न तो नगर पालिका से सफाई व्यवस्था की कोई जांच होती है, न ही एफएसडीए द्वारा पानी की गुणवत्ता का परीक्षण। जोकि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। शिकायत पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका और खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि जिले में संचालित सभी वाटर बॉटलिंग प्लांट्स की जांच की जाए। बिना अनुमति चल रहे प्लांट्स को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए और जो प्लांट मानकों पर खरे नहीं उतरते, उनकी सार्वजनिक जानकारी दी जाए। साथ ही उन प्लांट्स द्वारा वितरित किए जा रहे पेयजल के नियमित सैंपलिंग कर उसकी गुणवत्ता जांचने और बिना लेबल, बिना लाइसेंस के पानी बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजा है। ईओ संजीव कुमार सिंह ने बताया कि वाटर प्लांट की चेकिंग करने के लिए पत्र मिला है। जल कल टीम को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही टैक्स आदि की भी जांच कराई जाएगी।

# तीज का बताया महत्व, सजाई गई मेहंदी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



हाथों में सजाई गई मेहंदी सजाते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्प्रिंगडेल कॉलेज में तीज का पर्व हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कोऑर्डिनेटर उपमा सक्सेना ने की। तीज के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि यह पर्व हरियाली, समृद्धि एवं नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है। विद्यालय प्रांगण में पारंपरिक झूले लगाए गए और बच्चों ने सावन के गीतों की स्वर लहरियों के साथ आनंदपूर्वक झूला झूला।

मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा दो से 12 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा में दिव्यांशी, रोश्म, साक्षी, कक्षा तीन में अम्बिका, जान्हवी, ईशानी, कक्षा चार में नीतू, अनाया, आरुषी, कक्षा पांच व छह में दिशांशी, गुरलीन, एंजल, कक्षा सात व आठ में वंदना, आरीफा, अनन्या, कक्षा नौ व दस में जैनब, जुनायरा, वृंदा, कक्षा 11 व 12 में अनुष्का, माहिरा, रुज़दा क्रमशः प्रथम्र द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बच्चों ने शिव, पार्वती, राधा, कृष्ण, श्रीगणेश के रूप धारण कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। नर्सरी के राघव , जेकेजी की अमायरा, एसकेजी की चेष्टा का प्रयास सराहनीय रहा। प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने बच्चों की सराहना की और पौधरोपण का संकल्प दिलाया।

### तीज महोत्सव में मचाई धूम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बल्लभनगर कॉलोनी स्थित स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र–छात्राएं हरे रंगों के वस्त्रों में सजकर पहुंचे। बच्चों ने हरे रंग की पोषाक पहनकर ग्रीन डे मनाया। कक्षा–एक से आठ तक के छात्र व छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता व झूले का आनन्द लिया। इस उत्सव की गरिमा व शोभा को बढ़ाया। हाथों में सुन्दर मेंहदी व नृत्य से सभी का मन मोह लिया। चेयरमैन आरके धवन, निर्देशिका चारू धवन ने बच्चों को तीज व हरियाली के महत्व को बताया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# आईजीआरएस निस्तारण पर गंभीरता से हो रहा काम

**पीलीभीत, अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए आईजीआरएस पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के लिए टीम गठित की है। इसे लंबित शिकायतों की रिपोर्ट तैयार कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी है। इसकी मॉनिटरिंग चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल और ईओ संजीव कुमार कर रहे हैं। टीम ने नाली सफाई, जल-निकासी, कूड़ा निस्तारण, स्ट्रीट लाइट-सड़कों की मरम्मत सहित अन्य अनेक कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया है। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज होने के तुरंत बाद निरीक्षण टीम भेजी जाती है और आवश्यकतानुसार कार्य पूरा कराया जाता है। बढ़ते विश्वास के चलते अब अधिक से अधिक लोग आईजीआरएस पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं। नगर पालिका की इस तत्परता को लेकर सकारात्मक संदेश जा रहा है।

## पीलीभीत डायरी

### मेधावियों को किया गया पुरस्कृत



**पीलीभीत, अमृत विचार :** बरेली के बीबीएल पब्लिक स्कूल में आयोजित केके अग्रवाल मेमोरियल जीके क्विज कांटेस्ट में बरेली रीजन (बरेली, पीलीभीत, बदायूं व रामपुर) से शामिल 27 पब्लिक स्कूलों में प्रभावी स्थान बनाते हुए बेनहर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सेकंड रनर के रूप में पांच हजार रुपये, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र जीता। कक्षा 12 के रचित चंद्रा और कक्षा 11 की संस्कृति ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। वे शिक्षक नवीन उपाध्याय के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। संस्थापक प्रधानचर्या रंजीत सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, हेड मिस्ट्रेस निर्मला शर्मा और एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा समेत बड़ी संख्या में बेनहर पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने उपरोक्त प्रतियोगिता में विजयी रचित चंद्रा और संस्कृति को बधाई दी। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।





### प्रतियोगिताओं में भावना और अरीबा ने मारी बाजी

**पीलीभीत ,अमृत विचार :** पुष्प इंस्टीट्यूट में बीए, बीएससी (गृहविज्ञान) विभाग द्वारा मेहंदी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग लिया। छात्राओं ने एक शृंखला के माध्यम से कलात्मक डिजाइन प्रदर्शित किए। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए, जिसका जवाब छात्र/छात्राओं ने दिया। निर्णायक मंडल में प्रवक्ता स्वाती, मेघा छेत्री व मीनाक्षी शंखधार ने प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। मेहंदी प्रतियोगिता में भावना कुमारी प्रथम, नीलाक्षी द्वितीय व अरशीन अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में अरीबा प्रथम, मुस्कान वर्मा द्वितीय व मोहित कुमार वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेताओं को उप–प्राचार्या डॉ. गीतिका शुक्ला ने ट्राफी व प्रशस्ति पत्र देकर पुरूस्कृत किया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी राजेन्द्र कुमार, गृहविज्ञान विभागाध्यक्षा डॉ. विनीता आदि मौजूद रहे।



### मेहंदी प्रतियोगिता में वैष्णवी अव्वल संध्या द्वितीय रहीं

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर के डॉक्टर जीआरएम इंटर कॉलेज में हरियाली तीज पर तीजोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। हरियाली तीज के उपलक्ष्य में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपने–अपने हाथों में सुंदर मेहंदी सजाई। रूप देवी पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा पूनम, साहिबा, आजमी, नूर, सानिया कुशवाहा, पायल, ज्योति एवं मानसी की मेहंदी आकर्षक रहीं। प्रबंधक रमेश कुशवाहा ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया। उधर नगर के डॉ. गंगाराम मेमोरियल इंटर कॉलेज में भी मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम हुआ, जिसमें जूनियर वर्ग की छात्रा वैष्णवी ने प्रथम, संध्या ने द्वितीय एवं सोनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौ से 12 में हुई मेहंदी प्रतियोगिता में नव्या ने प्रथम, रोली पाल ने द्वितीय एवं शबनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### बच्चों ने चेहरे पर बनाया टाइगर का चित्र



**पीलीभीत, अमृत विचार :** गोस्वामीज मॉमस प्राइड स्कूल में शनिवार को कारगिल विजय दिवस और अंतर्राष्ट्रीय टाइगर दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्री–प्राइमरी से दूसरी कक्षा तक के छात्रों ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर ड्रॉइंग प्रतियोगिता में भाग लिया। कक्षा तीन से छह तक के बच्चों ने फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने अपने चेहरों पर विभिन्न रंगों से टाइगर्स डे की परिकल्पना की भावना को व्यक्त किया। छात्रों ने अपने चेहरों पर टाइगर के चित्र बनाकर उनकी सुंदरता और शक्ति को प्रदर्शित किया। कक्षा सात से 11 तक के बच्चों ने कारगिल विजय दिवस पर क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रबंधक निशांत गोस्वामी, संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस और अंतर्राष्ट्रीय टाइगर दिवस के अवसर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों को देशभक्ति और साहस की भावना को विकसित करना रहा। संचालन प्रधानाचार्या जया घोष ने किया। इस मौके पर अभिनव तिवारी, विष्णु प्रिया, अक्षांशी, स्वप्निल, प्रियंका, तमन दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# प्रधान पर रुपये हड़पने का आरोप

**माधोटांडा, अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम दोदपुर खल्लपुर के निवासी मोतीराम पुत्र ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि प्रधान ने दो साल पहले 25 हजार रुपये उधार लिए थे। कुछ दिन में लौटाने की बात कही। छह माह पूर्व पीड़ित को सरकारी आवास मिला था। जब प्रधान ने इसके एवज में रुपये मांगे तो कह दिया कि जो रुपये उधार दिए हैं, उसी में काट लो। इस पर ये कहा कि अभी एक अधिकारी को रुपये देना है, अभी दे दो। आरोप लगाया कि आवास दिलाने के संबंध में 17 हजार रुपये और ले लिए थे। अब उधार दिए रुपये मांगने पर आवास में ही काटने की बात कही जा रही है। पुलिस जांच कर रही है।

# चार वाहन सीज, दो का किया चालान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत




गौहनिया चौराहा पर स्कूली वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ वीरेंद्र सिंह।

**अमृत विचार :** स्कूली वाहनों की शनिवार को चेकिंग की गई। कई अनियमितताएं सामने आईं। इस पर कार्रवाई की गई।

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह की अगुवाई में टीम गौहनिया चौराहा पर पहुंची। इसके बाद स्कूली वाहनों को रोक चेक किया गया। वाहन पंजीकृत नहीं थे जबकि कुछ की फिटनेस की अवधि समाप्त हो चुकी थी। कुल छह ई-रिक्शा की जांच की गई, जिनमें स्कूली बच्चों को लाया जा रहा था। इनमें से दो ई-रिक्शा की फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी थी, जबकि चार वाहन पूरी तरह अपंजीकृत पाए गए। दो वाहनों को कोतवाली पुलिस और दो को परिवहन कार्यालय में सीज़ किया गया। शेष दो वाहनों का मौके पर चालान कर दिया गया। एआरटीओ ने बताया कि इस संबंध में पहले भी सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों को पत्र भेजकर आगाह किया गया था कि वे ऐसे वाहनों से बच्चों को स्कूल न आने दें, जो नियमों का पालन नहीं करते। उन्होंने कहा कि अनफिट, बिना बीमा व बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाले वाहनों से बच्चों का आना-जाना उनकी सुरक्षा से खिलवाड़ है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए केवल पंजीकृत और सुरक्षित वाहनों का ही चयन करें।

# प्रशिक्षु वनाधिकारियों का दल रेस्क्यू सेंटर देखने पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



**अमृत विचारः** केंद्रीय राज्य वन सेवा अकादमी देहरादून से 45 प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षकों के दल ने दूसरे दिन निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर को देखने के साथ इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी ली। इसके बाद दल चूका बीच पहुंचा। यहां उत्तराखंड की खटीमा से आई उप प्रभागीय वनाधिकारी ने प्रशिक्षु वनाधिकारियों को वन एवं वन्यजीव प्रबंधन से रूबरू कराया।

केंद्रीय राज्य वन सेवा अकादमी देहरादून के संकाय सदस्य अमेंदु पाठक के नेतृत्व में 45 प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षकों का दल बीते शुक्रवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व पहुंचा था। प्रशिक्षु वनाधिकारियों को यह दल सात दिन के प्रवास के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व की वर्तमान परिस्थितियां, मानव-वन्यजीव संघर्ष, मानसून पेट्रोलिंग, वन एवं वन्यजीव प्रबंधन आदि का अध्ययन करेगा। इधर शनिवार को प्रशिक्षु वनाधिकारियों को दल पूरनपुर रेंज के गोपालपुर वन प्रभाग में बन रहे निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर को देखने पहुंचा। यहां वन अफसरों ने प्रशिक्षु वनाधिकारियों को रेस्क्यू सेंटर की उपयोगिता आदि के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद यह दल चूका बीच पहुंचा। यहां उत्तराखंड के खटीमा वन प्रभाग की उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने प्रशिक्षु वनाधिकारियों को इंटरस्टेट ट्रांस बाउंड्री मैनेजमेंट और चुनौतियों से अवगत कराया। 45 सदस्य दल में 42 प्रशिक्षु वनाधिकारी राजस्थान, दो नागालैंड और एक प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक महाराष्ट्र से शामिल है।

# कर्मचारी महासंघ के शादाब बने प्रदेश मंत्री

**बिलसंडा, अमृत विचारः** लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर नगर के व्यापारी शादाब खान को भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के प्रदेश मंत्री पद पर मनोनीत किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंकुर सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाकर प्रदेश मंत्री के पद पर विधिवत घोषणा की। इसके बाद शादाब खान ने अपने साथियों सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मुलाकात कर उन्हें पुष्प एवं तस्वीर भेंट की। इनके मनोनयन पर मंडल अध्यक्ष संजीव मौर्य, पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, रामेंद्र गोस्वामी, विक्रम गंगवार, अजय जायसवाल, चेयरमैन डीके गुप्ता, गौरव पटेल, राइस मिलर आफाक खान, फुरखान खान, गुड्डू खान, पप्पू मंसूरी, बाबू अंसारी, रजत सागर, यासीन खान, भूपेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# छात्रा सोनल ने प्रश्नोत्तरी में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



छात्रा को पुरस्कृत करते रमाकांत शर्मा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,पीलीभीत

**अमृत विचारः** समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में कंपोजिट विद्यालय नकाशा में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ.कलाम को नमन स्मरण और वंदन ज्ञापित किया गया। प्रधानाध्यापक अमित कुमार शर्मा ने उनके जीवन परिचय के संदर्भों पर प्रकाश डाला। पूर्व प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा ने कारगिल विजय दिवस पर विस्तृत जानकारी दी। डायट प्रशिक्षु ऋषभ शुक्ला ने इसरो में डॉ. कलाम के योगदान के बारे में बताया। छात्रा सोनल ने प्रश्नोत्तरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।पल्लवी, जीविका मंडल, सुमन मंडल ने चित्रकला में अच्छा प्रदर्शन किया। भाषण में जीविका ने बाजी मारी। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा, शाजिया आरिफ, रामविलास मौर्य, दमेश्वरी मिश्र आदि मौजूद रहे।

ग्लेन कैंसर सेन्टर एण्ड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल



डा. रितु भुटानी
कैंसर रोग विशेषज्ञ
Ex. TATA MEMORIAL HOSPITAL, MUMBAI
Ex. RAJEEV GANDHI CANCER INSTITUTE, DELHI

कैंसर लाइलाज नहीं है
A PLACE OF HELP, HOPE AND UNDERSTANDING



24 घण्टे आई.सी.यू./ इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
02, शक्ति नगर, निकट रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
Contact Us:- 9311198889 9045599027
Email: bhutaniritu@gmail.com
Website: www.gleancancercentre.com

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

सिटी ब्रीफ

## इंस्पेक्टर सहित चार पुलिस निलंबित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में ड्यूटी पर लगाए गए उन्नाव जिले के इंस्पेक्टर के साथ दो हेड कांस्टेबल और एक सिपाही को एसपी ने निलंबित कर दिया है। इंस्पेक्टर पर चेकिंग अधिकारी के साथ अभद्रता करने का आरोप लगा है। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि उन्नाव जिले के इंस्पेक्टर जितेंद्र बहादुर सिंह की गोला गोकर्णनाथ में सुरक्षा ड्यूटी लगी थी। चेकिंग अधिकारी के साथ इंस्पेक्टर ने अभद्र की थी। इसके अलावा पुलिस लाइन के हेड कांस्टेबल धनंजय राय, रायबरेली के रंजीत कुमार और हरदोई जिले के पवन राना ड्यूटी से नदारद थे। इस पर चारों को निलंबित किया गया है।

## ई-रिक्शा पलटने से महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खमरिया क्षेत्र में ई-रिक्शा पलटने से एक महिला की मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना खमरिया क्षेत्र के गांव दरिगापुर निवासी शांति देवी (55) शुक्रवार की शाम घर से जरूरी काम से निकली थी। बताते हैं वह ई-रिक्शे से जा रही थी। ई-रिक्शा पकरिया गांव के पास पहुंचा और अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में वह ई-रिक्शे के नीचे दब गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की खबर मृतक महिला के परिवार वालों को दी। मौत की खबर मिलते ही उनमें चीख पुकार मच गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

## बाइक पेड़ से टकराई युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** खेत से वापस घर आ रहे युवक की बाइक छुट्टा पशु को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली धौरहरा के गांव मूड़ी गुड़ियाना निवासी पैरू (27) शुक्रवार को बाइक से खेत देखने गया था। शाम को वह घर वापस जा रहा था। गांव के मोड़ पर पहुंचा था सामने जानवर आ गए, जिन्हें बचाने के प्रयास में बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में पैरू घायल हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचते। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की गई जान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव पहाड़ापुर निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गांव पहाड़ापुर निवासी सुमित उर्फ कन्हैया (18) ने शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने कहना है कि कन्हैया बेहद मेहनती और काम करने वाला था। करीब 15 दिनों से वह अपने स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहता था।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव दाउदपुर महेवा निवासी एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह खमरिया से पौध देखकर बाइक से घर वापस आ रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव दाउदपुर महेवा निवासी अरविंद शुक्रवार शाम करीब 4 बजे खमरिया क्षेत्र में पौध देखने गया था। बताते हैं लौटते समय रेहुआ के पास वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# डग्गामार वाहन चालकों से परेशान कर्मियों ने बसों का संचालन किया ठप, यात्री परेशान

### अभद्रता और बसों से सवारियां उतारने का आरोप, पीटीओ के आश्वासन पर दोपहर में खत्म की हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


शहर के तिकुनिया बस अड्डे पर खड़ीं निजी बसें। ● अमृत विचार

अमृत विचारः अमृत विचारः लखीमपुर से तिकुनिया और धौरहरा मार्ग के निजी बसों के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अपनी बसें तिकुनिया और धौरहरा बस अड्डे पर खड़ी कर दीं और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। मौके पर पहुंचे यात्री कर अधिकारी (पीटीओ) ने बस यूनियनों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब कर्मचारी शांत हुए और दोपहर 1 बजे बसों का संचालन शुरू हो सका।

लखीमपुर शहर के मेला मैदान बस अड्डे से ढखेरवा होते हुए निघासन, तिकुनिया और सिसैया चौराहा के लिए निजी बसों का संचालन होता है। शुक्रवार सुबह बस अड्डे पहुंचे चालक-परिचालकों ने अनिश्चितकॉलीन हड़ताल की घोषणा की और बसों को छोड़कर घर चले गए। कर्मचारियों का कहना था ढखेरवा से तिकुनिया और सिसैया मार्ग पर तमाम डग्गामार टेंपो, ई-रिक्शा, मैजिक आदि वाहन संचालित होते हैं। इन वाहनों के संचालक बसों में बैठे यात्रियों को नीचे उतारकर अपने वाहनों में बैठा लेते हैं। चालक-परिचालक जब विरोध करते हैं तो उनके साथ गाली गलौज और मारपीट करते हैं। । सवारियां न मिलने से बसों की आमदनी प्रभावित होती है। डीजल तक का खर्च नहीं निकल पाता है। डग्गामार वाहनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए तिकुनिया बेलरायां बस ऑपरेटर यूनियन, धौरहरा यूनियन समेत जिले के 7 बस यूनियनों ने हफ्ते भर पहले डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एआरटीओ को भी ज्ञापन सौंपा था. जिसमें वाहनों पर कार्रवाई न होने पर 28 जुलाई से चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा से दो दिन पहले ही बसों के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। सुबह से बसों के न चलने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तमाम यात्री वाहनों के इंतजार में इधर-उधर भटकते रहे। बसों का संचालन बंद होने की जानकारी मिलने पर एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने पीटीओ को मौके पर भेजा। पीटीओ ने यूनियन के कार्यालय पहुंचकर पदाधिकारियों और चालक-परिचालकों से वार्ता की। उनकी समस्या सुनी और हफ्ते भर का समय मांगा। साथ ही डग्गामार वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। आधे घंटे से अधिक समय तक चली वार्ता के बाद कर्मचारी मान गए और हड़ताल वापस लेकर दोपहर करीब एक बजे से बसों का संचालन शुरू कर दिया।

● तिकुनिया, धौरहरा रूट की सेवाएं हुई प्रभावित

**मालिक बोले, बसों को खड़ी कर चला गया स्टाफः** डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर की गई बस कर्मचारियों की हड़ताल से बस मालिकों और यूनियनों के पदाधिकारियों ने पल्ला झाड़ लिया। उनका कहना था कि उनके विरोध करने के बाद भी चालक-परिचालक नहीं माने और बसों का संचालन करने से इंकार कर दिया। बसों को अड्डे पर खड़ी कर अपने घरों को चले गए।

### बस न चलने से यात्रियों को हुई परेशानी

**निघासन।** डग्गामार वाहनों के खिलाफ बंद हुए बसों का संचालन बंद रहने से यात्री परेशान रहे। आधे घंटे की यात्रा उनको टैंपो से तय करने में अधिक समय लगा। बसों के न आने से बस अड्डे पर यात्री काफी परेशान रहे और वह वाहनों की तलाश में भटकते रहे। हालांकि सिंगाही, बेलरायां और तिकुनिया जाने वाले यात्री तो ई-रिक्शा, टेंपो और मैजिकों से चले गए, लेकिन लखीमपुर, सीतापुर, लखनऊ आदि स्थानों पर जाने वाले यात्री काफी परेशान रहे। यात्री महेश, राजू, सुमन आदि ने बताया कि लखीमपुर जाने के लिए पहले टैंपो से तिकुनिया से निघासन आना पड़ा। उसके बाद उनको पलिया वाली बस निघासन से मिली। फिर उससे जाना पड़ा। इससे समय बहुत खराब हुआ और पैसा भी अधिक लगा।

> पीटीओ कौशलेंद्र सिंह ने आकर वार्ता की थी। वार्ता काफी सफल रही है। उन्होंने एक हफ्ते का समय मांगा है, जिस पर कर्मचारी बसों का संचालन करने के लिए तैयार हो गए हैं। दोपहर बाद बसों का संचालन शुरू हो गया है।
> –**मनमीत सिंह राना** जिलाध्यक्ष, बस ऑपरेटर यूनियन लखीमपुर खीरी

# छात्रा की गला दबाकर हत्या, दुष्कर्म की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि, दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड बनाई

**अमृत विचार :** थाना खीरी क्षेत्र में शारदा नहर के किनारे शुक्रवार को एक छात्रा का शव बरामद हुआ जो दिन से लापता थी। शनिवार को डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों ने दुष्कर्म की आशंका जताते हुए स्लाइड बनाकर पुलिस को सौंपी है।

कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती शहर के सलेमपुर कोन में किराए के मकान में दो साल से रहकर पढ़ाई करती थी। साथ ही ट्रिपल सी का कोर्स भी कर रही थी। वह दो दिन से लापता थी। उसका परिवार वालों से कोई संपर्क नहीं हुआ। इस पर परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इस पर परिजनों ने कोतवाली सदर में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शुक्रवार शाम 9:30 बजे थाना खीरी क्षेत्र में अमृतागंज के निकट सिरैंचा रोड पर शारदा नहर के किनारे युवती का शव देखा गया। सूचना पर एसओ खीरी निराला तिवारी फोर्स के साथ पहुंचे। वहां मौजूद लोगों से शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। शव पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। शनिवार की सुबह पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान अपनी बेटी के रूप में की। परिजनों के मुताबिक छात्रा के शरीर पर चोटों के निशान भी थे। शव देख परिवार वालों में चीख पुकार मच गई। सदर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट उन्होंने देखा नहीं है। इसलिए अभी कुछ नहीं बता सकते हैं। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि छानबीन की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

> छात्रा की हत्या हुई है। दुष्कर्म जैसा कोई भी मामला संज्ञान में नहीं आया है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है, फिर भी पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।
> –**संकल्प शर्मा**, एसपी

# संविदा चालक का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर के निकटवर्ती गांव हफीजपुर निवासी रोडवेज डिपो में संविदा चालक का शव जिंद बाबा स्थान के पास संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला है।

शनिवार की शाम हाफीजपुर गांव के निकट स्थित जिंदबाबा स्थान के पास बरगद के नीचे चबूतरे पर पंकज कुमार (45) का शव लोगों ने संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा देखा। सूचना पर पहुंचे बेटे अतुल कुमार, भाई पदुम कुमार ने बताया कि पंकज कुमार गोला रोडवेज डिपो में संविदा चालक थे। परिजनों ने किसी से भी रंजिश होने से इनकार किया है। डिपो इंचार्ज प्रेम शंकर कोस्टा, कमलेश कुमार वर्मा, लिपिक शैलेश कुमार ने बताया कि पंकज दोपहर को डिपो पर गए थे। उन्होंने बताया कि उनकी गिनती डिपो के अच्छे ड्राइवर में होती थी। वर्तमान में वह बिछिया जयपुर रूट की बस चलाते थे। पंकज कुमार अपने पीछे पत्नी सुनीता देवी, पुत्र अतुल कुमार और एक बेटी को छोड़ गए हैं। परिजनों ने बताया की बेटी की शादी दो महीने बाद होनी है।

# आरओ-एआरओ की परीक्षा आज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● डीएम- एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करके देखीं व्यवस्थाएं
● परीक्षा में कुल 14,880 अभ्यर्थी शामिल होंगे

**अमृत विचार :** रविवार को होने वाली समीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह परीक्षा जिले के 36 केंद्रों पर एक ही पाली में सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक होगी।

परीक्षा में कुल 14,880 अभ्यर्थी शामिल होंगे। डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। शनिवार शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र के साथ कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने राजकीय इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, डॉन बॉस्को स्कूल सहित कई केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। डीएम-एसपी ने पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों को परखा। कंट्रोल रूम से परीक्षा की लगातार निगरानी की जाएगी। डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता या सुरक्षा में चूक नहीं होनी चाहिए। एसपी संकल्प शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती और तलाशी प्रक्रिया की समीक्षा की। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एसबीआई शाखा में चोरी की कोशिश

संवाददाता, लखीमपुर खीरी/बिजुआ

**अमृत विचार :** घरों में लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चोरों की नजर अब बैंक शाखाओं पर गड़ गई। भीरा स्थित एसबीआई बैंक परिसर में घुसे चोरों ने चोरी का असफल प्रयास किया। सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग समझकर शाखा में लगे एसी की वायरिंग नोच डाली। गनीमत रही कि वह घटना को अंजाम नहीं दे सके। इससे बैंकों की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे पुलिस के दावों की पोल खुलती दिख रही है।

जिले में इन दिनों धौरहरा, ईसानगर, नीमगांव समेत कई थाना क्षेत्रों में लगातार चोरी की ताबड़तोड़ वारदातें हो रही हैं। पुलिस इन पर लाख प्रयास के बाद भी अंकुश नहीं लगा पा रही है। लगातार बढ़ती घरों में चोरी की वारदातों से जहां लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। वहीं पुलिस से बेखौफ चोरों ने अब बैंक शाखाओं को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। थाना और कस्बा भीरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा में गुरुवार की रात चोरों ने घुसने की कोशिश की। लेकिन वह सफल नहीं हो सके। चोर एसी के वायर को सीसीटीवी कैमरे का तार समझ बैठे और उसे काट दिया। सुबह जब बैंक खुली तो इसकी जानकारी हुई। शाखा प्रबंधक ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। बैंक की सुरक्षा में सेंध की खबर मिलते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गए। प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शाखा प्रबंधक की तहरीर पर चोरी के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस जांच कर चोरों की पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

● बैंक शाखाओं की सुरक्षा के दावों की खुली पोल, अज्ञात पर रिपोर्ट

**10 दिन पहले भी हुआ थी चोरी की कोशिशः** एसबीआई बैंक शाखा के अधिकारियों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार इस तरह की घटना हो चुकी है।करीब 10 दिन पहले भी चोरी की कोशिश हुई थी, जिसमें चोरों ने इंफ्रास्ट्रक्चर से भी छेड़छाड़ की थी। जिसकी तहरीर भी शाखा प्रबंधक ने 14 जुलाई 2025 को थाना पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने न तो कोई जांच की और न ही कोई कार्रवाई की।

### सवालों के घेरे में आई बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

एसपी संकल्प शर्मा ने पहले से ही सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दे रखे हैं रात में खासतौर पर बैंकों पर कड़ी नजर रखी जाए, लेकिन थानेदारों ने इस आदेश पर कुछ समय तक तो अमल किया, लेकिन समय के साथ ही इन आदेशों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया। थाना क्षेत्रों में तमाम ऐसी बैंक की शाखाएं हैं जो गांवों या फिर गांवों के बाहर हैं। कस्बा भीरा में स्थित एसबीआई बैंक शाखा में चोरी की कोशिश हुई वारदात ने अब इन बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस महकमे पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

> शाखा प्रबंधक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से मामले की जांच कर रही है। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा। –**गोपाल नारायण** प्रभारी निरीक्षक, थाना भीरा।

# घर में घुसकर युवती से की दुष्कर्म की कोशिश

**निघासन, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक डीजे की आवाज तेज कर पास के ही एक घर में घुस गया। घर में अकेली युवती से अश्लील हरकतें करने लगा। आरोप है दुष्कर्म करने की कोशिश की और मारपीट की। कुछ देर बाद आरोपी अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ घर में घुस आया और उसके साथ ही बहनोई और तीन भाईयों की पिटाई कर दी। इससे तीनों घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

पीड़िता ने बताया घटना गुरुवार रात करीब नौ बजे की है। गांव का अशोक तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे। इसी बीच अशोक उसके घर में घुस आया।अकेला पाकर उससे अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर पिटाई की और छेड़छाड़ करने लगा। इसी बीच युवती की बहन का बेटा आ गया और बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने ईंट मारकर उसका सिर फोड़ दिया। शोर शराबा होने पर आरोपी भाग गया। कुछ देर बाद वह अपने परिवार के ही शारदा, रितेश, अमित, रुपेन्द्र और अनुज के साथ दोबारा उसके घर आए लाठी-डंडा, लोहे की रॉड और धारदार हथियार से हमला कर उसे, उसके बहनोई और तीन भाईयों की पिटाई कर दी। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट आदि गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

त्योहार

**पार्लरों से लेकर मेहंदी लगाने वालों के यहां रहीं महिलाओं की भीड़, हरी साड़ी खरीदने दुकानों पर पहुंचे लोग**

# हरियाली तीज : बाजार में रौनक, नग जड़े कंगन की खूब रही मांग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** हरियाली तीज का त्योहार रविवार को मनाया जाएगा। चूड़ी बाजार में खासी रौनक है। हरी साड़ियां और हरी चूड़ी की मांग है। नग जड़े कंगन खूब पसंद आ रहे। ब्यूटी पार्लरों और मेहंदी लगाने वालों के यहां भीड़ नजर आई। मिठाई वालों के यहां घेवर की बिक्री शुरू हो गई है।

सावन के गीतों पर झूला झूलने की परंपरा निभाई जाती है। शहर के मुख्य मार्ग और चूड़ी बाजार सहित साड़ी की दुकानों पर भीड़ रही। बाजारों में 500 रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक की साड़ियों की बिक्री हुई। मिठाई की दुकानों पर देशी घी का घेवर 460 रुपये से लेकर 600 रुपये तक में बिक रहा है। वहीं, वनस्पति घी का घेवर 300 रुपये तक में बिक रहा है। साड़ी के व्यापारी नवीन साहनी ने बताया कि साड़ी की बिक्री के लिए हमने पहले से ही तैयारी कर रखी है। हरे रंग की साड़ियों का स्टाक काफी है। ग्राहक इन्हें काफी पसंद कर रही हैं। चूड़ी कारोबारी दिलशाद ने बताया कि महिलाएं साड़ियां खरीदने के बाद मैचिंग की चूड़ियां खरीद रही हैं। इसी तरह ब्यूटी पार्लर और मेहंदी लगाने वालों के यहां भीड़ है।


हरी चूड़ियां पसंद करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


झूला झूलते बच्चे। ● अमृत विचार

**महिलाएं बोलीं, सोलह श्रृंगार कर मनाएंगी तीजः** शहर निवासी प्रिया सिंह, सुष्मिता तिवारी, अनामिका मिश्रा, राखी सक्सेना आदि ने बताया कि हरियाली तीज पर सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर पति की लंबी आयु की कामना करूंगी। महिलाओं के साथ मिलकर हरियाली तीज का उत्सव धूमधाम के साथ मनाएंगी। महिलाओं ने बताया पति की लंबी आयु और परिवार की सुख शांति के लिए इस व्रत को विधि विधान से करूंगी।

### गांव-घरों में पड़ गए झूले

**पलियाकलां, अमृत विचार :** भागमभाग भरी जिंदगी में भले ही अब पहले की तरह पेड़ों की शाखाओं में झूले नहीं पड़ते, लेकिन नगर के मोहल्लों और गांवों में आज भी हरियाली तीज से पहले झूले पड़ जाते हैं। गांव में जहां महिलाओं एवं बच्चों ने हरियाली तीज से पहले ही घरों व बागों में झूले डलवाकर आनंद ले रही है, वहीं शहर के महिला संगठन भी हरियाली तीज महोत्सव मनाए जाने की तैयारियों में जुट गए हैं। नगर में महिलाओं के प्रमुख संगठन यथार्थ सेवा समिति की अध्यक्ष बीना गुप्ता ने बताया कि उनके संगठन की महिलाएं हरियाली तीज महोत्सव मनाए जाने की तैयारियों में जुट गई हैं। इसी प्रकार नगर के करीब स्थित गांव फुलवरिया निवासी समाजसेवी महिला सविता तिवारी ने बताया कि वे ग्रामीण महिलाओं को एकत्र कर हर वर्ष पूरे उल्लास के साथ हरियाली तीज मनाती हैं। इस बार भी वे बाग में झूला आदि डलवाकर सभी महिलाओं के साथ हरियाली तीज मनाएंगी। उधर क्षेत्रीय ग्राम मकनपुर निवासी जे के मौर्य के घर की बच्चियों ने हरियाली तीज से एक दिन पूर्व ही घर में लगे एक पेड़ में झूला डलवाकर पैंग बढ़ाना शुरू कर दिया है। मारवाड़ी समाज की महिलाओं भी हरियाली तीज को लेकर खासा उत्साह है।

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. (Home Science) B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. (Home Science) M.A. (Home Science) M.A. (Drawing & Painting)
D.PHARMA BTE CODE 2143 B.Ed. BTC D.El.Ed. B.EL.ED
डी.एस.आर. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No : 2132019 (NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777, 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार, Mob No : 9412287777

SSVGI SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT | B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM | MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP | Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN | GNM • ANM
• SSVIP | D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS | Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education • Best Placement in the Region • High-Tech Academic Infrastracture • Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC | 4.5 LPA Average CTC | 92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's | 2000+ Placement Offers | 550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

AKNA Group of Institutions
ADMISSION OPEN 2025-26
Bring Out the Best in you
COURSE OFFERED
BAMS B.Sc. Nur. B.Tech.
B.Pharma GNM M.Tech.
D. Pharma Polytechnic M.B.A.
B.B.A. B.C.A.
CALL US: 8937002800/8937002805
Campus : 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)

# खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693
9837338306


# कारगिल की विजय से भारत का मान बढ़ा

## कारगिल दिवस पर भाजपा कार्यालय समेत जिले भर में हुईं गोष्ठियां, वीर शहीदों को किया गया याद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस पर भाजपा कार्यालय समेत जिले भर में गोष्ठियां हुईं। भाजपा कार्यालय पर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष कुल भूषण सिंह ने जिले में निवास करने वाले सैनिकों को सम्मानित किया। गोष्ठी में शहीदों को याद किया।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि ने कहा कारगिल की विजय से भारत का मान सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के लौह इरादों से भारत को कारगिल में विजय श्री हासिल हुई थी। बता दें पाकिस्तान की तत्कालीन सरकार ने पूर्व पीएम के भाईचारे की भावना को आघात पहुंचाते हुए कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ की थी, जिसे भारतीय सैनिकों के मुंहतोड़ जवाब दिया था। कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह ने कारगिल युद्ध के विषय में विस्तार से बताया। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा सैनिकों का सम्मान करना जानती है तथा उनके हितों के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर जिला महामंत्री विनोद लोधी, आशू मिश्रा, जिला मंत्री उमेश शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र, नगर अध्यक्ष देवदत्त आदि मौजूद रहे।



भाजपा कार्यालय में सैनिकों को सम्मानित करते जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह।

### गोष्ठी में कारगिल युद्ध की रणनीति पर चर्चा

कारगिल विजय दिवस पर सीजीएन पीजी. कॉलेज एवं जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र नई दिल्ली के संयुक्त तत्वधान में गोष्ठी हुई, जिसमें राजनीति शास्त्र के विभाग प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने कारगिल युद्ध के रणनीतिक आयाम का विश्लेषण किया। मुख्य वक्ता प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने कारगिल युद्ध के राजनीतिक आयाम की चर्चा की। पूर्व प्रचार्य डॉ. वीके शुक्ल ने कारगिल युद्ध के महत्व के बारे में बताया। भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शेषमणि विश्वकर्मा ने कारगिल युद्ध के वैश्विक आयाम पर चर्चा की।

## पूर्व सैनिकों ने छात्रों से साझा किए अनुभव



गोला के क्रॉसरोड स्कूल में विद्यार्थियों संग कारगिल दिवस मनाते पूर्व सैनिक।

**गोला गोकर्णनाथ।** क्रॉसरोड इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर विद्यार्थियों, पूर्व सैनिकों ने भारत माता की जय के जयकारे लगाते हुए शहीदों को नमन किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया। कारगिल विजय दिवस के 26 वर्ष पूरे होने पर बांकेगंज रोड स्थित क्रॉसरोड इंटरनेशनल स्कूल में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक मुख्य अतिथि राजेश्वर सिंह, कैप्टन अकरम खान, मिथिलेश अवस्थी ने कारगिल युद्ध के लड़ाई के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को सेना में जाकर सेवा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सेना को हराया था। संस्थापक केशव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को देश की सेवा में जाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य पुष्पांजलि ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए देश सेवा सर्वोपरि बताया। संचालन कक्षा सात की छात्रा अपर्णा पांडे ने किया।

## कैप्टन बत्रा के जीवन से जुड़े प्रसंग सुनाए



विद्यार्थियों को जानकारी देते प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह।

खुटार रोड स्थित गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में कार्यक्रम संयोजक डॉ. आदर्श दीक्षित ने लद्दाख क्षेत्र में स्थित सुदूर दुर्गम कारगिल क्षेत्र के विषय में व्यापक रूप से विद्यार्थियों को बताया। प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने कारगिल युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले कैप्टन विक्रम बत्रा के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगो पर चर्चा की। छात्रा अनमोल गुप्ता, इशिका गुप्ता ने भी कारगिल युद्ध पर विस्तृत व्याख्यान दिया। गोष्ठी में सुनील गुप्ता, सुधाकर मिश्रा, पदुमकांत मिश्रा, अरुण शुक्ला, श्वेतांक सक्सेना, आकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सर्वर समस्या से परेशान राशन कार्ड धारक, प्रशासन बेखबर

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार:** सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली इस समय गंभीर संकट से जूझ रही है। लगातार सर्वर डाउन होने की समस्या से कोटेदारों और कार्ड धारक बेहाल है, शिकायत के बाद भी प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

धौरहरा सहित पूरे क्षेत्र में राशन वितरण प्रणाली प्रशासन की लापरवाही की भेंट चढ़ चुकी है। राशन दुकान पर जब कार्ड धारक राशन लेने जाता है और उसे पता चलता है कि सर्वर डाउन होने की वजह से अंगूठा नहीं लग पाने से राशन नहीं मिलेगा।

ऐसे में कभी -कभी कार्डधारकों और कोटेदारों के बीच नोकझोंक भी हो रही है। सर्वर डाउन की समस्या से कार्डधारकों के साथ कोटेदार भी परेशान है। वहीं धौरहरा कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी खाद्यान्न वितरण प्रभावित हो रहा है।इसकी शिकायत भी लोग कर रहे हैं पर नतीजा कुछ नहीं। पूर्ति निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया शिकायत दर्ज कराई गई है, जल्द सर्वर में सुधार होगा।

# तालाब पर अतिक्रमण कर लोग बना रहे पक्के मकान



तालाब किनारे बन रहे भवनों की पैमाइश करती राजस्व टीम

संवाददाता, धौरहरा

- शिकायत पर तहसीलदार ने कराई पैमाइश से मचा हड़कंप

**धौरहरा।** धौरहरा-ढखेरवा स्टेट हाईवे किनारे तालाब पर कुछ लोगों ने अवैध तरीके से अतिक्रमण कर पक्के मकान और दुकानें बनवानी शुरू कर दी हैं। इसकी शिकायत शासन से होने के बाद राजस्व विभाग हरकत में आ गया। तहसीलदार ने राजस्व टीम गठित कर तालाब की पैमाइश शुरू कराई है। इससे अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करा रहे लोगों में हड़कंप मच गया है।

